◆ वर्ष - 35 ◆ अंक 61 ◆ www.skhnewstv.com ◆ 19 सितम्बर 2024 फिरोजाबाद ◆ पृष्ठ : 8 ◆ मूल्य : 1

दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति
SKH NEWS

R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)



अंदर के पेज
3 फलों, सब्जियों की उपज बढ़ाने को योगी सरकार की नायाब पहल
4 वंचित दलितों को दिया जाए आरक्षण उप वर्गीकरण का लाभ
5 किसान दिवस में गूंजा ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुआ आने का मामला
6 बलिया में गंगा व सरयू नदियों ने मचायी तबाही, बुलाई गई एनडीआरएफ
7 ब्लाक मुख्यालयों पर निकाली गयी स्वच्छता रैली, जागरूकता गोष्ठी सम्पन्न

## गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए की कोहली की सराहना, कहा-मजबूत गेंदबाजी लंबे प्रारुप में सफलता की कुंजी

नई दिल्ली, 18 सितंबर (हि.स.)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एक खिलाड़ी और एक कप्तान



के रूप में टेस्ट क्रिकेट के प्रति विराट कोहली की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की है।

गंभीर ने बीसीसीआई टीवी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कोहली के साथ बातचीत के दौरान कहा, "जब मैं आगे बढ़ रहा था, खासकर ऐसे समय में जब टी20 प्रारूप और आईपीएल मौजूद नहीं थे, प्रथम श्रेणी क्रिकेट ही मेरा अंतिम लक्ष्य था। हम टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए तत्पर थे। सीमित ओवरों के प्रारूप में खेलना रोमांचक था, लेकिन हम हमेशा मानते थे कि हमें लाल गेंद वाले क्रिकेट में हमारे प्रदर्शन के आधार पर आंका जाएगा।

खेल में आप जो विरासत छोड़ते हैं, वह इस बात से गहराई से जुड़ी होती है कि आप टेस्ट क्रिकेट में कितना अच्छा प्रदर्शन करते हैं। आपने यह बताकर बहुत बड़ी भूमिका निभाई कि टेस्ट क्रिकेट आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है।"

कोहली ने 2022 में भारत की टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ दी थी, उससे एक दिन पहले ही उन्होंने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका से 2-1 से टेस्ट सीरीज गंवा दी थी।

2015 की शुरूआत में जब एमएस धोनी ने ऑस्ट्रेलिया में अपने संन्यास की घोषणा की, तब कोहली ने पूर्णकालिक टेस्ट कप्तान के रूप में पदभार संभाला और भारत के अब तक के सबसे सफल टेस्ट कप्तान बन गए। टेस्ट कप्तान के रूप में कोहली का कार्यकाल काफी हद तक सफल रहा, क्योंकि उन्होंने टीम को आईसीसी रैंकिंग में नंबर 1 पर पहुंचाया और कई यादगार विदेशी जीत हासिल की।

2021 में, उन्होंने साउथेम्प्टन में उद्घाटन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का नेतृत्व किया।

कोहली ने टेस्ट कप्तान के तौर पर अपने समय को याद करते हुए कहा, ह्लजब मुझे कप्तान की भूमिका निभाने का मौका मिला, तो पुरानी टीम से नई टीम में जाने की चुनौती रोमांचक थी। मुझे याद है कि मैं सिर्फ.25 साल का था और ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व कर रहा था जो बीस की उम्र के आसपास के थे। मेरा ध्यान इस बात पर था कि कैसे एक ऐसी टीम बनाई जाए जो हमारे से पहले की पीढ़ी की तरह ही हर जगह मशहूर हो सके।

उन्होंने कहा, ह्लमुझे पता था कि यह संयोग से नहीं हो सकता - इसके लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाने की जरूरत थी। मैंने सोचना शुरू किया कि सात साल में भारतीय क्रिकेट को कहाँ पहुँचना चाहिए और उसी से समाधान निकलकर आया।

हमें तेज गेंदबाजों और बल्लेबाजों के एक मजबूत समूह की जरूरत थी जो पारी को संभाल सकें और ज़िम्मेदारी पाँच प्रमुख बल्लेबाजों और एक विकेटकीपर के बीच बाँटी जानी थी जो लगातार हमें 350-400 रन दिला सके। हम कुशनिंग के लिए सातवें बल्लेबाज पर निर्भर नहीं रह सकते थे।

ये सभी विचार एक साथ आए और मैंने उन्हें टीम को उसी हिसाब से बताया।

गंभीर ने कहा कि आज की दुनिया में चुनौती अगली पीढ़ी को उसी तरह सोचने के लिए प्रेरित करना है, टेस्ट क्रिकेट को उतना ही महत्व देना जितना कि भारतीय क्रिकेटरों की मौजूदा पीढ़ी देती है।

गंभीर ने कहा, "अगर हम उन्हें टेस्ट क्रिकेट को शिखर के रूप में देखने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, तो भारतीय क्रिकेट मजबूत रहेगा। मेरा दृढ़ विश्वास है कि आपकी टेस्ट टीम जितनी मजबूत होगी, आपके समग्र क्रिकेटर उतने ही मजबूत होंगे।"

गंभीर ने यह भी बताया कि कोहली ने बेहतरीन तेज गेंदबाजों का एक पूल बनाने पर जोर दिया, जिसकी वजह से भारत ने कई बार घरेलू और विदेशी मैदानों पर जीत दर्ज की।

उन्होंने कहा, "आपने जो शानदार काम किया, वह एक बहुत मजबूत गेंदबाजी इकाई का निर्माण करना था।

टेस्ट क्रिकेट में, जब तक आपके पास 20 विकेट लेने की क्षमता वाली लाइनअप नहीं होती, तब तक आप लगातार जीत नहीं सकते। यही बात आपको देश का सबसे सफल टेस्ट कप्तान बनाती है।

इसका श्रेय आपको जाता है, क्योंकि छह या सात मजबूत बल्लेबाजों को बोर्ड पर रन बनाना आसान है, लेकिन जिस तरह से आपने पहचान की और, सबसे महत्वपूर्ण बात, मैदान पर सही रवैया दिखाया, खासकर तेज गेंदबाजों के साथ, वह उल्लेखनीय था। कल्पना कीजिए कि मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, ईशांत शर्मा और उमेश यादव जैसे गेंदबाज हों और उनके साथ विदेशी मैच जीतें ह्व

2014-15 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर, एडिलेड टेस्ट के आखिरी दिन 364 रन बनाने के लक्ष्य के साथ, कोहली ने शतक जड़ा, जो मैच का उनका दूसरा शतक था, जबकि भारत 48 रन से हार गया। यह उनका पहला टेस्ट था।

गंभीर ने उस मैच को याद करते हुए कहा, ह्लचुनौती के बावजूद, आप उस टेस्ट मैच को जीतने के लिए दृढ़ थे। यही मानसिकता है जिसके बारे में हम बात कर रहे हैं, और यही वह संस्कृति है जिसे हम आगे बढ़ाना चाहते हैं -एक ऐसी संस्कृति जहां खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए उत्सुक हों। अगर आप किसी के व्यक्तित्व या चरित्र का आकलन करना चाहते हैं तो टेस्ट क्रिकेट सबसे अच्छा प्रारूप है। यह एक खिलाड़ी के बारे में सब कुछ बताता है। टेस्ट क्रिकेट में सफल होने के लिए, आपको केवल सबसे कुशल होने की आवश्यकता नहीं है; आपको इससे कहीं अधिक की आवश्यकता है।"

गंभीर ने कहा, "आपको अनुशासन, धैर्य, लड़ाई, करुणा, भावना और यहां तक कि सहानुभूति की भी जरूरत होती है, क्योंकि पांच दिनों तक संघर्ष करने के बाद भी आपको नहीं पता होता कि आपको परिणाम मिलेगा या नहीं।"

गंभीर ने कहा कि आने वाले वर्षों में टेस्ट प्रारूप में भारत की सफलता टीम की गुणवत्ता वाले तेज गेंदबाजों की एक श्रृंखला को बनाए रखने की क्षमता पर निर्भर करेगी।

उन्होंने कहा, "जब हम एक मजबूत रेड-बॉल टीम होने की बात करते हैं, तो बहुत कुछ अगली पीढ़ी के गेंदबाजों पर निर्भर करेगा।

हमें गुणवत्ता वाले बल्लेबाज मिलते रहेंगे, क्योंकि भारतीय क्रिकेट की संरचना लगातार उन्हें तैयार करती है, लेकिन असली चुनौती यह है कि क्या गेंदबाजों की युवा पीढ़ी में 20 ओवर गेंदबाजी करने और विकेट लेने की प्रेरणा है।"

## वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 का गुरुवार से नई दिल्ली में शुरू होगा चार दिवसीय मेगा इवेंट

नई दिल्ली, 18 सितंबर (हि.स.)। देश की राजधानी नई दिल्ली में चार दिवसीय मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। इस मेगा इवेंट का आयोजन 19 से 22 सितंबर, 2024 तक भारत मंडपम में किया जा रहा है। इस आयोजन में नीति निमार्ताओं, नियामकों, वैश्विक निवेशकों, व्यवसाय नेताओं, और खाद्य कंपनियों के प्रमुख अधिकारी शामिल होंगे।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे तथा भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए सरकार की पहलों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन एक उच्च स्तरीय मुख य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) का गोलमेज सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा, जिसकी सह-अध्यक्षता केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और चिराग पासवान करेंगे। रवनीत सिंह बिट्टू भी सीईओ गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

मंत्रालय के मुताबिक इस कार्यक्रम में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एवं रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित रहेंगे। मंत्रालय के मुताबिक चिराग पासवान और रवनीत




सिंह बिट्टू उद्योग जगत के नेताओं के साथ आमने-सामने चर्चा करेंगे तथा विदेशी देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडलों के साथ द्विपक्षीय जी2जी बैठकें करेंगे।

बयान के मुताबिक खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत मंडपम में 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' की मेजबानी करने जा रहा है, जो 70 हजार वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र को कवर करेगा। मंत्रालय ने कहा कि 19-22 सितंबर, 2024 तक होने वाले इस बहुप्रतीक्षित वैश्विक आयोजन में 90 से अधिक देश, 26 भारतीय राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश और 18 केंद्रीय मंत्रालय तथा और संबद्ध सरकारी निकाय भाग लेंगे। जापान इस इवेंट का भागीदार देश होगा, वियतनाम और ईरान फोकस देशों के रूप में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान विषयगत चचाओं, राज्य और देश-विशिष्ट सम्मेलनों सहित 40 ज्ञान सत्र आयोजित किए जाएंगे।

इसके अलावा, एपीडा, एमपीईडीए और कमोडिटी बोर्ड द्वारा आयोजित रिवर्स बायर सेलर मीट में 1000 से अधिक खरीदारों की मजबूत उपस्थिति देखने को मिलेगी। वहीं, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 को व्यापक बनाने के लिए आयोजकों ने स्वाद सूत्र नामक एक पाक प्रतियोगिता शुरू की है, जिसमें पूरे भारत के क्षेत्रीय व्यंजन पेश किए जाएंगे।

## एक देश, एक चुनाव से जुड़ी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी

नई दिल्ली, 18 सितंबर (हि.स.)। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को ह्यएक देश, एक चुनावह्न से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी प्रदान कर दी। समिति ने देश में केन्द्र, राज्यों और स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने से जुड़ी




व्यवस्था पर अपनी सिफारिशें प्रदान की हैं। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि अब सरकार इस विषय पर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करेगी और समय आने पर इस पर संविधान संशोधन विधेयक लाया जाएगा। अश्वनी वैष्णव ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों और बड़ी संख्या में पार्टियों के नेताओं ने वास्तव में एक देश एक चुनाव पहल का समर्थन किया है। उच्च-स्तरीय बैठकों में बातचीत के दौरान वे अपना इनपुट बहुत संक्षिप्त तरीके और बहुत स्पष्टता के साथ देते हैं। हमारी सरकार उन मुद्दों पर आम सहमति बनाने में विश्वास करती है, जो लंबे समय में लोकतंत्र और राष्ट्र को प्रभावित करते हैं। यह एक ऐसा विषय है, जिससे हमारा देश मजबूत होगा।

विपक्ष, खासकर कांग्रेस के इस पहल का विरोध करने के बारे में वैष्णव ने कहा कि समिति को मिली सिफारिशों पर 80 प्रतिशत से ज्यादा खासकर युवाओं ने एक साथ चुनाव कराने का पक्ष रखा है। उन्हें लगता है कि आने वाले समय में विपक्ष इस संबंध में आंतरिक दबाव महसूस कर सकता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के मौजूदा कार्यकाल में एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि देश में 1951 से 1967 तक एक साथ चुनाव होते रहे हैं। इसके बाद 1999 में विधि आयोग ने अपनी 170वीं रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि पांच साल में लोकसभा और सभी विधानसभाओं का एक चुनाव होना चाहिए ताकि देश में विकास होता रहे। उन्होंने बताया कि 2015 में संसदीय समिति ने अपनी 79वीं रिपोर्ट में सरकार से दो चरणों में एक साथ चुनाव कराने के तरीके सुझाने को कहा था। इसके बाद, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया गया और उस समिति ने राजनीतिक दलों, न्यायाधीशों, संवैधानिक विशेषज्ञों सहित हितधारकों के व्यापक स्पेक्ट्रम से व्यापक परामर्श किया। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। समिति ने इस संबंध में विभिन्न पार्टियों और हितधारकों से इस पर विचार किया और पिछली सरकार के दौरान ही अपनी सिफारिशें दीं। इसमें प्रस्ताव किया गया है कि एक अवधि के बाद सभी राज्यों की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल छोटा कर एक साथ चुनाव करायें जायें। केन्द्र और विधानसभा में चुनाव के थोड़े समय बाद ही नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव कराए जायें। बहुमत न मिलने और अल्पमत की स्थिति में दोबारा चुनाव कराए जाने पर कार्यकाल केवल बाकी बचे समय के लिए हो।

## सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना किया लॉन्च, बच्चों के लिए एक हजार रुपये में खोले जा सकेंगे खाते

नई दिल ली, 18 सितंबर (हि.स.)। केंद्रीय वित्त मंत्री




निर्मला सीतारमण ने बुधवार को नई दिल ली स्थित विज्ञान भवन में ह्यएनपीएस वात्सल्यह्न योजना की शुरूआत की। इस योजना में माता-पिता को पेंशन अकाउंट में निवेश कर अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने की सुविधा दी गई है। बच चे के माता-पिता ऑनलाइन या निकटतम बैंक या डाकघर जाकर एनपीएस वात्सल्य योजना का हिस्सा बन सकते हैं। इस योजना के तहत वात्सल्य खाता खोलने के लिए न्यूनतम योगदान एक हजार रुपये है। इसके बाद अंशधारकों को सालाना 1,000 रुपये का योगदान करना होगा।

नई दिल्ली में विज्ञान भवन में इस योजना के शुभारंभ के दौरान केंद्रीय वित त मंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने हाल ही में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दी है, जो एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी। सीतारमण ने अपने संबोधन में कहा कि इसमें पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के साथ-साथ नई पेंशन योजना (एनपीएस) के बेहतरीन तत्व हैं। उन होंने आगे कहा कि यह योजना सेवानिवृत्ति के बाद एक सुनिश्चित पेंशन प्रदान करती है।

वित त मंत्री ने कहा कि यूपीएस के तहत सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 फीसदी गारंटीकृत पेंशन मिलेगी। इसके अतिरिक्त यूपीएस योजना में औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (अक्ऊढकक्ह) के आधार पर मुद्रास्फीति सूचकांक भी शामिल है। उन होंने बताया कि राज्य सरकारों के पास भी एकीकृत पेंशन योजना को अपनाने का विकल्प है।

सीतारमण ने कहा कि एनपीएस भविष्य की पीढ़ियों पर भारी पेंशन बिलों का बोझ न डालकर सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ करदाताओं के हितों को संतुलित करता है। वित त मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी माता-पिता से अनुरोध किया कि आप जब भी अपने बच्चे के साथ किसी एक के बर्थडे पार्टी में जाएं, आप जरूर टॉफियां, केक या कुछ तोहफा उस बच्चे के लिए लेकर जाइए। लेकिन आप उस बच्चे के भविष्य के लिए कुछ करना चाहते हैं, तो आप ह्यएनपीएस वात्सल्यह्न के नाम पर उसके माता-पिता के हाथ में कुछ पैसा देकर आएं।

## ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाने के बाद गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

नई दिल्ली, 18 सितंबर (हि.स.)। अमेरिका में ब्याज दरों को लेकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व का फैसला आने के पहले बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। दिन के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने पहले तो मजबूती दिखाते हुए ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान फाइनेंशियल सर्विसेज और बैंकिंग सेक्टर को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। बैंक निफ्टी आज 1.08 प्रतिशत की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। आईटी, ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसके अलावा मेटल, एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयरों पर भी लगातार दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.71 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 3 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 467.37 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 470.29 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.92 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,070 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,526 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,442 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 102 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,480 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 755 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,725 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर बढ़त के साथ और 20 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 42.53 अंक की कमजोरी के साथ 83,037.13 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत में मामूली उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 1 बजे के करीब ये सूचकांक 246.72 अंक की बढ़त के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 83,326.38 अंक तक पहुंच गया।

ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाने के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक अगले 1 घंटे में ही ऊपरी स्तर से 600 अंक से अधिक टूट कर 379.03 अंक की कमजोरी के साथ 82,700.63 अंक तक गिर गया। हालांकि, इसके बाद खरीदारों ने एक बार फिर मोर्चा संभाल लिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 250 अंक की रिकवरी करके 131.43 अंक की कमजोरी के साथ 82,948.23 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 16.15 अंक की गिरावट के साथ 25,402.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 1 बजे के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 63.65 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 25,482.20 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, निफ्टी अपनी मजबूती अधिक देर तक कायम नहीं रख सका।

बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में 133 अंक की कमजोरी के साथ 25,285.55 अंक तक लुढ़क गया। इसके बाद लिवालों ने एक बार फिर खरीदारी शुरू कर दी, जिसके कारण निफ्टी निचले स्तर से करीब 90 अंक की रिकवरी कर-के 41 अंक की गिरावट के साथ 25,377.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस 4.38 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 3.61 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 2.14 प्रतिशत, नेस्ले 1.97 प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक 1.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, टीसीएस 3.54 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजी 3.16 प्रतिशत, इंफोसिस 3.09 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 2.79 प्रतिशत और विप्रो 2.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## सम्पादकीय

# अंतत: देश की जनगणना

भारत की नई, ताजा और अद्यतन जनगणना की शुरूआत होने वाली है। केंद्र सरकार शीघ्र ही औपचारिक घोषणा करेगी और पूरा कार्यक्रम देश के सामने रखेगी। 2011 की जनगणना के बाद अब यह कवायद की जाएगी। नियम रहा है कि हर 10 साल के बाद जनगणना कराई जाएगी, लेकिन कोरोना वैश्विक महामारी के कारण 2021 की जनगणना नहीं की जा सकी। अब भारत दुनिया के उन तीन देशों में एक है, जहां नई जनगणना का सम्यक कार्यक्रम अभी घोषित किया जाना है। ऐसा ह्ययूएन पॉपुलेशन फंडह्ल के ह्यग्लोबल सेंसस ट्रैकरह्ल का दावा है। बेशक कोरोना ने वैश्विक स्तर पर लगभग सभी देशों को खूब प्रभावित किया, नतीजतन वे जनगणना समेत कई अभियान नहीं चला पाए, लेकिन उन्होंने महामारी से उबर कर जनगणना के अपने कार्यक्रम भी घोषित किए और जनगणना की प्रक्रियाएं भी शुरू हो चुकी हैं। भारत भी 2021 के अंत तक आते-आते कोरोना से लगभग मुक्त हो चुका था, लेकिन जनगणना की शुरूआत क्यों नहीं की गई, इसका सटीक जवाब भारत सरकार ही दे सकती है। चूंकि भारत में जनगणना नहीं हो सकी, लिहाजा नया डाटा प्राप्त नहीं है, नतीजतन ह्यजातीय जनगणनाह्ल का राजनीतिक नेरेटिव सामने आया है। हालांकि दोनों में तुलना नहीं की जा सकती। वैसे भी राज्य जनगणना के लिए अधिकृत नहीं है। यह दायित्व केंद्र सरकार का ही है। बहरहाल अब जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने वाली है, तो उसे डिजिटल तरीके से भी किया जाए। नागरिकों को स्व-गणना और स्व-सत्यापन का अधिकार दिया जाए और जनगणना का परंपरागत तरीका भी इस्तेमाल किया जाए। इससे डाटा स्पष्ट, सुगम और यथाशीघ्र उपलब्ध होगा और क्रॉस चेकिंग भी की जा सकेगी। हालांकि जनगणना का अधिकृत फैसला लिया जा चुका है, लेकिन अब भी तय नहीं है कि उसका डाटा कब तक सार्वजनिक रूप से जारी किया जाएगा। अतीत में जनगणना के प्रथम चरण के सम्पन्न होने में ही करीब 11 माह का वक्त लगा था। भारत में जनगणना की प्रक्रिया बेहद जटिल, पेचीदा और व्यापक है, क्योंकि राज्य और केंद्र शासित क्षेत्र 35 से अधिक हैं और कुल आबादी 145 करोड़ को छू रही होगी! बहरहाल नई, ताजा जनगणना बेहद जरूरी है, क्योंकि वह ही सभी आकलन, विश्लेषण और सर्वेक्षणों की कसौटी है।

अभी तक हम 2011 की जनगणना की गिरफ्त में हैं। यदि उसी के आधार पर भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का मूल्यांकन करना है, तो निष्कर्ष गलत आएगा। बीते 13 सालों में भारत बिल्कुल बदल चुका है। आज वह विश्व की महाशक्तियों में शामिल है और दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2011 की जनगणना के पुराने डाटा के भरोसे ही स्वास्थ्य, जनसंख्या और आर्थिकी के डाटा भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। यही नहीं, एनएसएसओ समेत अन्य एजेंसियों के सर्वेक्षणों की गुणवत्ता भी गलत साबित हुई है। एक उदाहरण ही पर्याप्त है। यह अनुमान है कि करीब 11 करोड़ भारतीयों को ह्यखाद्य सुरक्षा कानूनह्ल के लाभ नहीं मिल पा रहे हैं। हालांकि 2011 की जनगणना के तहत लाभार्थियों की संख्या तब भी गिनी जा रही थी। संसदीय क्षेत्रों का परिसीमन भी जनगणना पर ही आधारित है। परिसीमन की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। संसद ने ह्यमहिला आरक्षण बिलह्ल पारित किया था, लेकिन वह तभी लागू किया जा सकेगा, जब परिसीमन हो जाएगा और संसद की सीटें बढ़ा दी जाएंगी। परिसीमन तभी होगा, जब जनगणना के अद्यतन आंकड़े उपलब्ध होंगे। ह्यजातीय जनगणनाह्ल का मुद्दा भी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसने 2024 के आम चुनाव में, कुछ राज्यों में, मतदान को प्रभावित किया था। जाति के साथ आरक्षण भी जुड़ा है। सिर्फ सरकारी नौकरियों में आरक्षण देकर यह मुद्दा शांत नहीं किया जा सकता, क्योंकि हर साल औसतन 70-80 लाख युवा भारतीय श्रम-बाजार में आते हैं। हमें निजी क्षेत्र में भी रोजगार मुहैया कराने की जरूरत है, ताकि यह संकट कम होता जाए। उसके मद्देनजर केंद्र सरकार को ह्यजातीय जनगणनाह्ल के प्रति भी ह्यखुलाह्ल होना पड़ेगा और अपने रुख में बदलाव लाना होगा। बहरहाल जनगणना की अच्छी, सुखद खबर आई है, तो उसका स्वागत है, लेकिन अब सरकार को किसी बहाने की आड़ में छिप कर जनगणना को टालना नहीं चाहिए। सच्चाई यह है कि हमारे पास भावी योजनाएं बनाने के लिए किसी तरह का डाटा उपलब्ध नहीं था। हम 2011 की जनगणना और उसमें एकत्र किए गए डाटा का उपयोग कर रहे थे, जो एक तरह से अप्रासंगिक हो गया था।

# अर्थव्यवस्था में भारत ऊंची छलांग लगाने को तैयार

प्रहलाद सबनानी

भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.93 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जबकि, जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है एवं जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष बनी हुई है और जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है अथवा इसके ऋणात्मक रहने की भी प्रबल सम्भावना है। इस दृष्टि से मार्च 2025 तक भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं मार्च 2026 तक भारत जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हाल ही के समय में जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की समस्याएं दृष्टिगोचर हैं, जिनके कारण इन दोनों देशों की आर्थिक विकास दर आगे आने वाले वर्षों में विपरीत रूप से प्रभावित रह सकती है।

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात लगातार 4 दशकों तक जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन में तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहा। इस दौरान विनिर्माण इकाईयों के बल पर जर्मनी ने अपने आप को विश्व में विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर लिया था एवं विभिन्न उत्पादों, विशेष रूप से कार, मशीनरी एवं केमिकल उत्पादों का निर्यात पूरे विश्व को भारी मात्रा में किया जाने लगा था।

पिछले 20 वर्षों के दौरान जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन के विकास का इंजिन बना हुआ था। चूंकि चीन की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से विकास कर रही थी अतः पिछले 20 वर्षों के दौरान चीन, जर्मनी से लगातार मशीनरी, कार एवं केमिकल पदार्थों का भारी मात्रा में आयात करता रहा है। परंतु, अब परिस्थितियां बदल रही हैं क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था भी हिचकोले खाने लगी है और चीन ने विभिन्न उत्पादों का जर्मनी से आयात कम कर दिया है।

अतः अब जर्मनी अर्थव्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। आज बदली हुई परिस्थितियों में चीन, जर्मनी में निर्मित विभिन्न उत्पादों का आयात करने के स्थान पर वह जर्मनी का प्रतिस्पर्धी बन गया है और इन्हीं उत्पादों का निर्यात करने लगा है। दूसरे, पिछले लगभग दो वर्षों से रूस ने भी ऊर्जा की आपूर्ति यूरोप के देशों को रोक दी है, रूस द्वारा निर्यात की जाने वाली इस ऊर्जा का जर्मनी ही सबसे अधिक लाभ उठाता रहा है। तीसरे, जर्मनी में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और एक अनुमान के अनुसार जर्मनी में आगे आने वाले एक वर्ष से कार्यकारी जनसंख्या में प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की कमी आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

दरअसल, इससे उपभोक्ता खर्च पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। चौथे, जर्मनी में नागरिकों की उत्पादकता भी कम हो रही है। जर्मनी में प्रत्येक नागरिक वर्ष भर में केवल 1300 घंटे का कार्य करता है जबकि ओईसीडी देशों में यह औसत 1700 घंटे का है।

पांचवे, यूरोपीयन यूनियन में वर्ष 2035 में पेट्रोल एवं डीजल पर चलने वाले चार पहिया वाहनों के उत्पादन पर रोक लगाई जा सकती है जबकि इन कारों का निर्माण ही जर्मनी में अधिक मात्रा में होता है तथा जर्मनी की कार निमार्ता कम्पनियों ने बिजली पर चलने वाले वाहनों के निर्माण पर अभी बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया है। साथ ही, जर्मनी ने नवाचार पर भी कम ध्यान दिया है एवं स्टार्ट अप विकसित करने में बहुत पीछे रहा है आज इन क्षेत्रों में अमेरिका एवं चीन बहुत आगे निकल गए हैं एवं जर्मनी आज अपने आप को असहाय सा महसूस कर रहा है। अतः जर्मनी अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव आगे आने वाले लम्बे समय तक चलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

वैश्वीकरण की प्रक्रिया का प्रभाव भी जर्मनी अर्थव्यवस्था पर पड़ा है एवं अब पूरे विश्व में गैरवैश्वीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। आज प्रत्येक विकसित एवं विकासशील देश अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वावलंबी बनना चाहता है। अतः जर्मनी जैसे देशों से मशीनरी एवं कारों का निर्यात कम हो रहा है साथ ही इन उत्पादों की तकनीकि भी लगातार बदल रही है जिसे जर्मनी की विनिर्माण इकाईयां उपलब्ध कराने में असफल सिद्ध हुई हैं। पिछले 5 वर्षों के दौरान जर्मनी अर्थव्यवस्था में विकास दर हासिल नहीं की जा सकी है।

जर्मनी में सितम्बर 2023 माह में वोक्सवेगन कम्पनी ने अपनी दो विनिर्माण इकाइयों को बंद करने का निर्णय लिया है। यह कम्पनी जर्मनी में 3 लाख से अधिक रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध कराती है तथा अन्य लाखों नागरिकों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती हैं। इस कम्पनी ने जर्मनी में अपनी विनिर्माण इकाईयों में उत्पादन कार्य को काफी हद्द तक कम कर दिया है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से इस कम्पनी के उत्पादों की बिक्री लगातार कम हो रही है। पिछले 5 वर्षों के दौरान इस कम्पनी की बाजार कीमत आधे से भी कम रह गई है। इस कम्पनी की उत्पादन इकाइयों में चार पहिया वाहनों का निर्माण किया जाता रहा है परंतु अब इन उत्पादन इकाइयों में बिजली पर चलने वाली कारों के निर्माण में बहुत परेशानी आ रही है। बिजली पर चलने वाली कारों का जर्मनी में उत्पादन बढ़ाने के स्थान पर चीन से इन कारों का बहुत भारी मात्रा में आयात किया जा रहा है। अपनी आर्थिक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जर्मनी ने यूक्रेन को टैंकों की आपूर्ति भी रोक दी है। दरअसल कोरोना महामारी के बाद से ही, वर्ष 2020 के बाद से, जर्मनी की अर्थव्यवस्था अभी तक सही तरीके से पूरे तौर पर उबर ही नहीं सकी है।

एक अनुमान के अनुसार जर्मनी अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2024 में भी कम होने जा रहा है, यह वर्ष 2023 में भी कम हुआ था और इसके वर्ष 2025 में भी सुधरने की सम्भावना कम ही दिखाई दे रही है।

जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2024 के दौरान 0.1 प्रतिशत की कमी की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। बेरोजगारी की दर भी 6.1 प्रतिशत के स्तर तक ऊपर जा सकती है। जर्मनी अर्थव्यवस्था केवल चक्रीय ही नहीं बल्कि संरचनात्मक क्षेत्र में भी समस्याओं का सामना कर रही है। इसमें सुधार की कोई सम्भावना आने वाले समय में नहीं दिख रही है। हालांकि यूरोपीयन यूनियन में जर्मनी की अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है परंतु फिर भी भारत, उक्त कारणों के चलते, जर्मनी की अर्थव्यवस्था को मार्च 2026 तक पीछे छोड़ देगा, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

इसी प्रकार, पिछले लगभग 30 वर्षों के दौरान जापान की अर्थव्यवस्था में मुद्रा स्फीति, ब्याज दरें एवं येन की कीमत स्थिर रही है। परंतु, हाल ही के समय में येन का अंतरराष्ट्रीय बाजार में अवमूल्यन हो रहा है एवं यह 160 येन प्रति अमेरिकी डॉलर के स्तर पर आ गया है, जो वर्ष 2009 के बाद से कभी नहीं रहा है। जापान की अर्थव्यवस्था कई उत्पादों के आयात पर निर्भर करती है। जापान अपनी ऊर्जा की आवश्यकताओं का 90 प्रतिशत एवं खाद्य सामग्री का 60 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है। जापान द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढ़ने से जापान में भी आयातित मुद्रा स्फीति की दर बढ़ रही है जो पिछले एक दशक के दौरान लगातार स्थिर रही है।

वर्ष 1955 से वर्ष 1990 के बीच जापान की अर्थव्यवस्था औसत 6.8 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से आगे बढ़ती रही। वर्ष 1990 तक जापान का स्टॉक मार्केट लगातार बढ़ता रहा एवं अचानक वर्ष 1990 में यह बुलबुला फट पढ़ा और जापान में आवासीय मकानों की कीमत 50 प्रतिशत तक गिर गई एवं व्यावसायिक मकानों की कीमत 85 प्रतिशत तक गिर गई। जापान के पूंजी बाजार में निक्के स्टॉक सूचकांक भी 75 प्रतिशत तक गिर गया।

जापान की अर्थव्यवस्था में तेजी के दौरान आस्तियों की बढ़ी हुई कीमत पर ऋण लिए गए थे परंतु जैसे ही इन आस्तियों की कीमत बाजार में कम हुई, नागरिकों को ऋणराशि की किश्तें चुकाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और इससे भी जापान में आर्थिक समस्याएं बढ़ी थी।

दिवालिया होने वाले नागरिकों की संख्या बढ़ी और देश में अपस्फीति की समस्या प्रारम्भ हो गई थी। जापान की सरकार ने आर्थिक तंत्र में नई मुद्रा की मात्रा बढ़ाई और ब्याज दरों को लगभग शून्य कर दिया। इन समस्त उपायों से भी जापान में आर्थिक समस्याओं का हल नहीं निकल सका।

वर्ष 2022 में जापान में भी विश्व के अन्य देशों की तरह मुद्रा स्फीति बढ़ने लगी थी परंतु जापान ने ब्याज दरों को नहीं बढ़ाया। अब कुल मिलाकर जापान अपनी आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है एवं वहां पर आगे आने वाले समय में आर्थिक विकास के पटरी पर आने की सम्भावना कम ही नजर आती है अतः भारत जापान की अर्थव्यवस्था को मार्च 2025 तक पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन सकता है।

(लेखक, आर्थी क क्षेत्र के विशेषज्ञ एवं वरिष ठ स तम्भकार हैं।)

## आज का राशिफल

मेष : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवासए मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-3-5-7

वृष : कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे। शुभांक-5-6-9

मिथुन : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभयए ङ्कषचताए संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-5-7

कर्क : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक-5-6-7

सिंह : स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

कन्या : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें। शुभांक-6-8-9

तुला : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-8

वृश्चिक : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

धनु : नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-5-6-7

मकर : एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-8-9

कुंभ : सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। शुभांक-3-7-9

मीन : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

# कोसी नदी के पानी ने किया सैकड़ों बीघा फसल नष्ट

मुरादाबाद, 18 सितम्बर (हि.स.)। जिले के मूंढापांडे ब्लाक में हरपाल नगर सहित तीन गांवों के खेतों में कोसी नदी से बाढ़ जैसी स्थिति है एवं पानी तेज प्रवाह से बह रहा है।

जिससे सैकड़ों बीघा फसल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। इसके अलावा जैतपुर विसाहट, चककोहनकूं में किसानों के खेतों में कटान भी हो रहा है।

हरपाल नगर निवासी अजीत यादव ने बुधवार को बताया कि नदी के तेज बहाव से गांव में 9 लोगों के खेत कट गए हैं। इसके अलावा जैतपुर विसाहट, चककोहनकूं में किसानों के खेतों में कटान कर रही है। प्रधानपति उदयवीर सिंह और भारतीय किसान टिकैत के पदाधिकारी अरविंद राजपूत ने बताया कि तीन गांवों में सैकड़ों बीघा फसल नदी में समा गई है। वहीं रनियाठेर से गदईखेड़ा जाने वाली सड़क पानी की तेज धार के कारण कटकर गड्ढों में तब्दील हो गई है।

उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर पैदल गुजरना दूभर हो गया है। यहां अभी भी दो फीट पानी भरा है।

नाव से लोगों को आबादी तक पहुंचाया जा रहा है। टावरों में पानी भरने से नेटवर्क न आने के कारण मोबाइल भी काम नहीं कर रहे हैं।

# गरीब का पराठा और ब्यूरोक्रेसी को संदेश

ऋतुपर्ण दवे

कभी-कभी बहुत मामूली सी बातें न केवल हर कहीं चर्चा का विषय बन जाती हैं बल्कि इतनी



भावुक और प्रभावी कर जाती हैं कि पूछिए मत। लेकिन जब मामला विनम्रता, सहजता और गरीब की पोटली में बंधे पराठे खुलवा कर एक टुकड़ा खाने का हो तो दिल को छू ही जाएगी। उसमें भी यदि जिला कलेक्टर और फरियादी का हो तो हर कहीं उदाहरण और चर्चा का विषय बनेगा ही। ऐसा ही एक वाकया उत्तर प्रदेश के औरेया जिले का है जो पूरे देश में सुर्खियां बटोर रहा है। जहां अपने रुतबे और ठसक के लिए आईएएस-आईपीएस पहचाने जाते हैं वहीं औरेया कलेक्टर इन्द्रमणि त्रिपाठी की इससे विपरीत प्रशंसा हो रही है।

हो भी क्यों न उनके दफ्तर में डरा-सहमा सा एक ग्रामीण मजदूर अपनी फरियाद लेकर बहुत दूर से आया। दफ्तर में घुसते ही वहां का माहौल उसे असहज कर, घबरा रहा था। लेकिन तुरंत कलेक्टर इन्द्रमणि त्रिपाठी ने उसकी मनोदशा भांपी, पूछा कि घर वापस पहुंचने में देर हो जाएगी तो रास्ते में भूख का क्या इंतजाम है? भोले-भाले मजदूर ने हाथ में रखे झोले से पोटली निकाल डरते-डरते दिखाते हुए कहा कि उसकी पत्नी ने कुछ पराठे बांध दिए हैं। इतना सुनते हुए त्रिपाठी ने कहा कि मैं तुम्हारा काम तभी करूंगा जब तुम मुझे अपना पराठा खिलाओगे! यह सुनते ही मैले-कुचैले कपड़े पहना फरियादी असमंजस में पड़ गया और बहुत हिम्मत कर बोला मैं तो छोटा आदमी हूं, आप कहां मेरे पराठे खाएंगे?

कलेक्टर त्रिपाठी ने तपाक से कहा कि छोटा-बड़ा कुछ नहीं, पराठा खिलाओगे तभी काम करूंगा। फरियादी ने बड़ी ही झिझक से शमार्ते हुए घर से लाई पोटली में बंधे हुए पराठों को कलेक्टर के सामने खोला और दे दिया। उसमें से एक टुकड़ा लेकर कलेक्टर ने खाना शुरू कर दिया। यह देख उनके साथ बैठे सभी मातहत भी अवाक और हक्का-बक्का रह गए।

बाद में फरियादी के घर पर जिला प्रशासन की टीम पहुंची। वहां पता चला कि उसके बड़े भाई लकवाग्रस्त हैं। उनके इलाज के लिए पैसे नहीं हैं। इसलिए वह अपने हिस्से की जमीन बेचकर भाई का इलाज कराना चाहता है।

जमीन बेचने की बात पर तीन भाइयों में विवाद है। प्रशासनिक अमले ने तीनों को साथ बिठाकर बात कराई। भाई के इलाज के लिए सरकारी मदद की प्रक्रिया भी शुरू कर दी और सभी के आपसी गिले-शिकवे दूर हो गए। फरियादी समस्या के समाधान से ज्यादा इसलिए बेहद खुश और भावुक था कि इतने बड़े अधिकारी ने इतना आत्मीय व्यवहार कर उसके पराठे खाए।

यकीनन यह घटना कल्पना से परे है। ऐसे नजारे देश में गिने-चुने ही हुए होंगे। जिला, संभाग, तहसील तथा हर सरकारी दफ्तर के अधिकारी सरकार के प्रतिनिधि के रूप में काम करते हैं। लगभग हर कहीं एक तय दिन पर जन सुनवाई, जनता दर्शन जैसे विभिन्न नामों से सरकार की ओर से दरबार लगते हैं। दूरदराज से ज्यादातर ग्रामीण व ऐसे लोग जिनकी कोई राजनीतिक पकड़ या जुगाड़ नहीं होती, सीधे अधिकारियों के पास पहुंचते हैं। लेकिन एक बड़ी हकीकत यह भी कि कितने मामले निराकृत होते हैं या लोगों को संतुष्ट करते हैं, सब जानते हैं। कई जगह तो ठीक से फरियाद तक नहीं सुने जाने की सच्चाई भी सामने आती है। अधिकतर अधिकारी निराकरण के नाम पर महज खानापूर्ति करते हैं।

सीएम हेल्पलाइन जैसी सुविधा भी कुछ राज्यों में है। फोन पर आमजनों से शिकायत लेकर पंजीकरण होता है। जिसे संबंधित जिले, फिर विभाग को भेजा जाता है। अमूमन शिकायतों को ब्यूरोक्रेसी में बेवजह का बवाल तक समझने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कुछ अन्य राज्यों में तो सीएम हेल्पलाइन या डेस्क की शिकायतें को बंद कराने के लिए अधिकारियों का दुर्व्यवहार यहां तक फोन पर धमकाने के भी ऑडियो खूब वायरल हुए। कई जगह बरगला कर झूठे आश्वासन देकर शिकायतें बंद कर दी गईं और जनसाधारण की समस्या वही ढ़ांक के तीन पात जैसी रह गईं।

यह सही है कि अधिकारी जनसाधारण के वाजिब काम और समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण करने के लिए होते हैं। लेकिन देश में भ्रष्टाचार का दीमक इस कदर हर विभाग में जड़ें जमाए हुए है कि लोगों को अपने काम के लिए बिना लेन-देन सफलता नहीं मिलती। भ्रष्टाचार एक रिवाज बन चुका है। देश में ब्यूरोक्रेसी पूरी तरह से हॉवी है।

लोग अपने-अपने काम के लिए दफ्तरों के चक्कर पर चक्कर लगाते हैं और रोजाना भटकते हैं, वहां यह एक मिशाल है। क्या यह रवैया पूरे देश में नहीं हो सकता? अवैध चढ़ौती के दम पर कई लोगों के हकों पर डाका डालने से लेकर नौकरी से लेकर फर्जी दस्तावेजों, विकलांगता के झूठे प्रमाण-पत्रों से सुपात्रों के हक छीनने और झूठी जानकारी के चलते जन्म तारीख और जाति बदल कर ऐन-केन-प्रकारेण ऊंची नौकरी तक हथियाने की सच्चाई सामने आ चुकी है। पूजा खेडकर का ताजा मामला सामने है। ऐसे में लोग न्याय के लिए किसके पास जाएं? किससे उम्मीद करें?

कहने को तो सरकार ने कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। जनता से जुड़े अधिकारियों के मोबाइल नंबर तक सार्वजनिक हैं। लेकिन यह कितने उठते और सार्थक हैं सब जानते हैं। शासन-प्रशासन में जनता-जनार्दन को सुनने और निराकरण करने वालों को इन्द्रमणि त्रिपाठी से प्रेरणा लेना चाहिए। काश, यह घटनाक्रम एक नजीर के रूप में ब्यूरोक्रेसी की ट्रेनिंग में शामिल होता तो कितना अच्छा होता। बहरहाल अनजाने-अनचाहे ही सही, आईएएस त्रिपाठी के इस मर्मस्पर्शी व्यवहार की प्रशंसा तो बनती है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# एनकाउन्टर की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए: लालबिहारी यादव

जौनपुर ,18 सितंबर (हि.स.)। सुल्तानपुर जनपद में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए बक्सा थाना क्षेत्र के मंगेश यादव के परिजनों को नेता विपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव व जिलाध्यक्ष ने बुधवार को दो लाख का चेक उनके घर जाकर सौंपा। बक्शा थाना क्षेत्र के अगरौरा गांव पहुँचे नेता विपक्ष ने मंगेश यादव के एनकाउंटर की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराए जाने की मांग की।

उन्होंने मंगेश के पिता राकेश यादव, मां शीला देवी व बहन प्रिंसी यादव से मिलकर पुन: सांत्वना देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष परिवार की स्थिति को देखते हुए दो लाख का चेक भेजे है। उन्होंने कहा कि डीजीपी उत्तर प्रदेश भी स्वीकार कर चुके है कि मंगेश का एनकाउंटर हुआ है उनके सच स्वीकार कर लेने से साबित हो चुका है कि यह हत्या है।

मंत्री ओमप्रकाश राजभर के बयान पर उन्होंने कहा कि उनकी बात की विश्वसनीयता खत्म हो गयी है वे अभी क्या बोल रहे हैं। दो घण्टे में क्या बोल देंगे, कहा नही जा सकता।

उन्होंने डीएम की जांच पर भरोसा न होने की बात कहते हुए कहा कि प्रदेश में जाति देखकर एनकाउंटर किया जा रहा है। मंगेश की कनपटी में गोली मारी गयी जिससे साबित होता है कि यह इनकाउंटर नही हत्या है। उन्होंने सवाल उठाया कि जो शख्स चप्पल पहनकर इनकाउंटर कर रहा हो उसे से अब तक सस्पेंड कर देना चाहिए था।

सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि पुलिस वाले मंगेश की बहन का बयान धमकी देकर लेते हैं। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या, मल्हनी विधायक लकी यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव, संगीता यादव, लल्लन यादव, जितेंद्र यादव,जगदीश यादव ,अंकित यादव, रमापति यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# फलों, सब्जियों की उपज बढ़ाने को योगी सरकार की नायाब पहल

लखनऊ, 18 सितम्बर (हि.स.)। फलों और सब्जियों की उपज बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने एक और नायब पहल की है। इससे न केवल सब्जियों और फलों की उपज बढ़ेगी, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी सुधरेगी।

इसके लिए योगी सरकार



गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) और गाजियाबाद को छोड़ बाकी 73 जिलों में हाईटेक नर्सरी (पौधशाला) बनाएगी। संबंधित जिले के कृषि जलवायु क्षेत्र (एग्रो क्लाइमेट जोन) के अनुसार फलों और सब्जियों की कौन सी प्रजातियां वहां के अनुकूल हैं, इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा। जिले के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) जिन विश्विद्यालयों से ये केवीके संबद्ध हैं और उद्यान विभाग मिलकर इसका निर्णय लेंगे।

जानकारी के अनुसार ये पौधशालाएं मनरेगा की मदद से बनेंगी। अब तक ऐसी 36 पौधशालाएं तैयार हो चुकीं हैं। शीघ्र ही 16 और पर काम चलेगा। इन हाईटेक पौधशालाओं में पौधे को नियंत्रित तापमान और नमी में तैयार किया जाता है। लिहाजा ये पौधे निरोग होते हैं। ऐसे में इनके रोपण से उपलब्ध सब्जियों और फलों की उपज तो अधिक होती ही है। गुणवत्ता में भी ये बेहतर होती हैं। लिहाजा इनके दाम भी वाजिब मिलते हैं। उत्पाद का सही दाम मिलने से किसानों और बागवानों की आय बढ़ेगी। किसानों और बागवानों के हित में योगी और मोदी सरकार की जो भी योजनाएं चल रहीं हैं, उनका अंतिम लक्ष्य भी यही है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि पर ही आधारित है। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में फलों और सब्जियों का महत्वपूर्ण स्थान है। वैज्ञानिक स्तर पर यह साबित हो चुका है कि फल और सब्जियां प्रति हेक्टेयर पर स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार के मौके उपलब्ध कराती हैं। प्रसंस्करण को जोड़ दिया जाय तो यह संख्या और अधिक हो जाती है। चूंकि इनमे विटामिंस और फाइबर प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। इसलिए पोषण सुरक्षा में भी इनका महत्त्वपूर्ण योगदान है। इन सबमें इन हाईटेक पौधशालाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी।

नौ तरह के एग्रो क्लाइमेटिक जोन होने के कारण उत्तर प्रदेश में हर तरह के फलों और सब्जियों की खेती की संभावना है। प्रदेश की कुल भूमि का करीब 77 प्रतिशत खेती योग्य है। खेती योग्य भूमि का करीब 85 प्रतिशत सिंचित है। सबसे अधिक आबादी के रूप में श्रम शक्ति और बाजार भी उपलब्ध है। इस सबकी वजह से यहां फलों और सब्जियों की खेती की भरपूर संभावना है।

योगी सरकार का कृषि उत्पादों के निर्यात पर भी खासा जोर है। एक्सप्रेस-वे का संजाल, जेवर, अयोध्या और कुशीनगर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट और प्रयागराज से बाया वाराणसी पश्चिमी बंगाल के हल्दिया तक का देश का इकलौता जलमार्ग, इन संभावनाओं को और बढ़ा देता है। भविष्य में योगी सरकार की योजना इस जलमार्ग का विस्तार अयोध्या तक करने की है। सरकार जिस तरह दादरी, गोरखपुर सहित 13 जिलों में कार्गो हब बनाने की तैयारी कर रही है, उससे इनके निर्यात की संभावना और बढ़ जाएगी।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास विकसित होगा प्रदेश का पहला सेमीकंडक्टर पार्क

## -यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर 10 और 28 में स्थापित किए जाएंगे दो सेमीकंडक्टर क्लस्टर्स

## -सेमीकंडक्टर पार्क के लिए सेक्टर 10 में 200 एकड़, जबकि सेक्टर 28 में 125 एकड़ भूमि की गई है चिन्हित

ग्रेटर नोएडा, 18 सितंबर (हि.स.)। देश में पहली बार सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू कर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही योगी सरकार ने इस दिशा में एक और बड़ी पहल की है। इस पहल के तहत ग्रेटर नोएडा स्थित जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास अब उत्तर प्रदेश का पहला सेमी कंडक्टर पार्क स्थापित किया जाएगा।

एक सरकारी बयान के मुताबिक प्रदेश सरकार की ओर से यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अंतर्गत सेक्टर 10 और सेक्टर 28 में सेमीकंडक्टर पार्क को स्थापित किए जाने की योजना है। इस पहल के माध्यम से देश और दुनिया की बड़ी चिप निमार्ता कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपने उद्यम लगाने के लिए आकर्षित होंगी। साथ ही, व्यापक पैमाने पर यूपी के युवाओं के लिए रोजगार का भी सृजन हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री लगाने के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित करने हेतु योगी सरकार ने सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू की है, जिसके जरिए बड़े पैमाने पर राहत प्रदान की जा रही है।

दो क्लस्टर्स किए जाएंगे स्थापित

सेमीकंडक्टर पार्क्स के साइलेंट फीचर्स की बात करें तो इसके तहत यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने दो सेमीकंडक्टर क्लस्टर्स के लिए भूमि चिन्हित की है। पहली सेक्टर 10 में 200 एकड़, जबकि दूसरी सेक्टर 28 में 125 एकड़ भूमि शामिल है। इन दोनों क्लस्टर्स में यीडा 8 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करेगी, जबकि 60 एमएलडी का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी)लगाया जाएगा। वहीं, क्लस्टर्स को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 400/200/132 केवी सबस्टेशन भी स्थापित किए जाने की योजना है। इसके अतिरिक्त सेमीकंडक्टर पार्क्स में निवेश करने वाले उद्यमियों को मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 10 और 28 में स्थापित होने वाले इन क्लस्टर्स की नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दूरी मात्र 4 किमी. की है, जिससे कॉर्गो मिनटों में यहां पहुंच सकेगा। निवेशकों और विदेशी बायर्स को यहां आने-जाने में कोई समस्या नहीं होगी। इसके अलावा, यहां रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) की भी सुविधा जल्द शुरू होगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार से डीपीआर के अप्रूवल की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं, दिल्ली से वाराणसी के बीच हाई स्पीड रेल की योजना है। इसका एक स्टेशन नोएडा एयरपोर्ट भी होगा। इसके अतिरिक्त यमुना एक्सप्रेस-वे में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का इंटरचेंज भी बन चुका है, जो इन बड़े शहरों से भी कनेक्टिविटी को आसान बनाएगा।

सेमीकंडक्टर नीति लागू कर उद्योगों को दिया जा रहा प्रोत्साहन

उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की असीम संभावनाएं हैं। योगी सरकार ने निवेशकों को इस क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम बनाने पर जोर दिया है। इसके लिए प्रदेश में पहली बार सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू की गई है। यूपी सेमीकंडस्टर नीति के तहत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कैपिटल सब्सिडी पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त कैपिटल सब्सिडी का प्राविधान किया गया है। इसके अतिरिक्त पॉलिसी में कंपाउंड सेमीकॉन्डस्टर/सिलिकॉन फोटोनिक्स/सेंसर/एटीएमपी/ओएसएटी के लिए 75%की लैंड रिबेट भी प्रदान की गई है। वहीं डुएल ग्रिड नेववर्क के साथ ही 10 वर्षों के लिए इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है।

इसके अलावा, 25 वर्षों के लिए अंतर्राज्यीय बिजली खरीद, ट्रांसमिशन और व्हीलिंग शुल्क 50 प्रतिशत की छूट, स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस पर 100 प्रतिशत छूट और प्रति वर्ष 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी (अधिकतम 7 करोड़ रुपये) दिए जाने की भी व्यवस्था की गई है।

# उप्र की राजधानी लखनऊ समेत 52 जनपदों में तेज हवाओं के साथ बुधवार को वर्षा की चेतावनी

कानपुर, 17 सितम्बर(हि.स.)। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत 52 जनपदों में बुधवार को चौबीस घंटे के दौरान मेघ गर्जन, आकाशीय बिजली एवं तेज हवाओं के साथ वर्षा की संभावना जाहिर करते हुए चेतावनी जारी किया है। कानपुर में 120.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। यह जानकारी बुधवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी है।

डॉ. पांडेय ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी मुताबिक मेघ गर्जन, आकाशीय बिजली एवं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे के गति से चलने वाली हवाओं के साथ बुधवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, हमीरपुर, उन्नाव, औरैया, कन्नौज, फरुर्खाबाद में मध्यम वर्षा की संभावना है।

प्रतापगढ़, चित्रकूट, महोबा, बांदा, कौशाम्बी, हमीरपुर, फतेहपुर, जालौन, रायबरेली, अमेठी, ललितपुर, झांसी, इटावा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, हाथरस, कासगंज, सुल्तानपुर, अयोध्या, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, कन्नौज, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, अलीगढ़, बदायू, बुलंदशहर, संभल, अमरोहा, मुरादाबाद, बिजनौर में मेघ गर्जन, आकाशीय बिजली, तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना बताते हुए चेतावनी जारी किया है।

# बुलडोजर मामले में केंद्र सरकार को बनाना चाहिए एक-समान गाइडलाइन : मायावती

लखनऊ, 18 सितम्बर (हि.स.)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने ध्वस्तीकरण के लिए बुलडोजर के इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने केन्द्र सरकार से कहा है कि आगे आकर उस पर पूरे देश के लिए एक-समान गाइडलाइन्स बनाना चाहिए



मायावती ने बुधवार को एक्स पर कहा है कि बुलडोजर विध्वंस कानून का राज का प्रतीक नहीं होने के बावजूद इसके प्रयोग की बढ़ती प्रवृति चिन्तनीय। वैसे बुलडोजर व अन्य किसी मामले में जब आम जनता उससे सहमत नहीं होती है तो फिर केन्द्र को आगे आकर उस पर पूरे देश के लिए एक-समान गाइडलाइन्स बनाना चाहिए, जो नहीं किए जा रहे हैं।

उन्होंने का कि बुलडोजर एक्शन के मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट को इसमें दखल देकर केन्द्र सरकार की ज़िम्मेवारी को खुद नहीं निभाना पड़ता, जो यह जरूरी था। केन्द्र व राज्य सरकारें संविधान व कानूनी राज के अमल होने पर जरूर ध्यान दें।

# सुलतानपुर की घटना का सफल अनावरण से व्यापरियों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा

लखनऊ, 18 सितम्बर (हि.स.)। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचा। सदस्यों ने यहां पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार और अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश को शाल व धन्यवाद प्रशंसा पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जनपद सुलतानपुर में सराफा व्यवसायी के यहां डकैती की घटना घटित हुई थी। एसटीएफ और पुलिस ने इस घटना का सफल अनावरण करते हुए शत-प्रतिशत बरामदगी की।

इसके लिए व्यापार मंडल पुलिस महानिदेशक का आभार व्यक्त करता है। पुलिस की इस कार्रवाई से व्यापारियों एवं जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर हमलावर, किया प्रदर्शन

लखनऊ, 18 सितम्बर(हि.स.)। उत्तर प्रदेश की राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (कांग्रेस) के पदाधिकारियों ने अपने-अपने



मुद्दों पर प्रदर्शन किया। पहले कांग्रेस के कार्यकताओं ने शहीद स्मारक पार्क में एकत्रित होकर गिरती कानून व्यवस्था व पुलिस उत्पीड़न पर प्रदर्शन किया। इसके कुछ घंटे के भीतर ही भाजपा के लखनऊ महानगर के पदाधिकारियों एवं सिख समुदाय के प्रबुद्ध लोगों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरोध में प्रदर्शन किया। साथ ही राहुल गांधी का पुतला भी फूंका।

भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनन्द सहित पदाधिकारियों ने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी के अमेरिका में सिख समुदाय पर दिये गये बयान की आलोचना करते हुए प्रदर्शन किया। लखनऊ के हजरतगंज मार्ग पर आनन्द ने राहुल गांधी का सांकेतिक पुतला बनाकर फूंक दिया। पुतला दहन के बाद भाजपा के पदाधिकारियों ने राहुल गांधी व कांग्रेस विरोधी नारे भी लगाये और राहुल द्वारा माफी मांगे जाने की मांग की।

उधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय प्रदर्शन में शामिल होने के लिए शहीद स्मारक पार्क पहुंचे। अजय राय ने उत्तर प्रदेश पुलिस पर आरोप-प्रत्यारोप करते हुए कहा कि कानून नाम की चीज नहीं रह गयी है। रेप केस आम होते जा रहे है। घर से उठाकर मंगेश जैसे अपराधी का एनकाउंटर हो रहा है। पुलिस अपनी मनमानी पर उतारी है। कानून के रखवाले ही कानून तोड़ रहे हैं। ये सब कुछ प्रदेश सरकार के इशारे पर हो रहा है। जनता इसका उत्तर देगी।

गौरतलब है कि कांग्रेस की ओर से लखनऊ के अलावा पूरे प्रदेश में मंडल मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया गया है। कानून व्यवस्था और खराब पुलिसिंग को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार को घेरा है। मंडल स्तर पर कांग्रेस पदाधिकारी अपना ज्ञापन सौंप कर मांगों को रखने का प्रयास किये है।

# यूपी विधानसभा उप चुनाव को लेकर मायावती गुरुवार को पदाधिकारियों संग करेंगी बैठक

लखनऊ, 18 सितम्बर (हि.स.)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती 19 सितम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से पार्टी मुख्यालय पर बैठक करेंगी।

इसमें बसपा के बड़े-छोटे सभी पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष शामिल होंगे।

बुधवार को पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 19 सितम्बर को होने वाली बैठक में पिछली बैठक में पार्टी संगठन व जनाधार को बढ़ाने के लिए दिए गये कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में दस विधानसभा की सीटों के उपचुनाव की तैयारियों को लेकर भी चर्चा होगी। इन सभी मामलों में आगे के लिए जरूरी दिशा निर्देश भी दिए जाएंगे।

# झमाझम बारिश के बीच मुख्यमंत्री योगी ने दी गाजियाबाद को 757करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## -देश का युवा किसी कम नहीं, डिजिटल ज्ञान से दुनिया को करा रहा है अपनी ताकत व योग्यता का अहसास : योगी अदित्यनाथ

## -रोजगार मेले में मिला बेरोजगारों को रोजगार, सीएम योगी ने 10 हजार से युवाओं को दिए नियुक्तिपत्र

गाजियाबाद, 18 सितंबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झमाझम बारिश के बीच बुधवार को दिल्ली से सटे गाजियाबाद की जनता को 757 करोड़ के विकास कार्यों की परियोजनाओं की सौगात दी। घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में




आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने 111 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले में 10 हजार से अधिक युवाओं को निुक्ति पत्र वितरित किए। इन युवाओं को निजी कंपनियों नौकरी मिली है।

कार्यक्रम में 503 करोड़ की 69 परियोजनाओं के शिलान्यास और 254 करोड़ की 43 परियोजनाओं के लोकार्पण किया गया। जिन युवाओं को नौकरी मिली है, उनका वेतन 10 हजार रुपये से 25 हजार रुपये प्रतिमाह तक होगा। योग्यता की बात करें तो हाईस्कूल से लेकर स्नातक बेरोजगारों को वृहद रोजगार मेले में रोजगार मिला। इसके अलावा जिले के छह हजार छात्र-छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन के अलावा स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने रोजगार सृजन मेले को देखा।

इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि आज उत्तर प्रदेश का युवा साक्षमता का प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश का युवा आज किसी से पीछे नहीं है। हमारा युवा डिजिटल माध्यम से दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कर रहा है। पिछले कुछ दिनों के दौरान 10 जिलों में राजगार सृजन मेलों का आयोजन किया गया है। ताकि युवाओं के सपनों को उड़ान भरने के लिए पंख लग सकें। उनकी सरकार युवाओं के लिए गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के सपने को साकार कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से पहले गाजियाबाद की स्थिति बहुत खराब थी। गंदगी का अंबार था। गुंडा टैक्स वसूला जाता था। माफियाओं की समानांतर सरकार चलती थी। इसके लिए उस समय की सरकारी जिम्मेदार थी क्योंकि वह माफिया के आगे नाक रगड़ती थी। उन्होंने कहा कि आज गाजियाबाद स्मार्ट सिटी बन चुका है। सुरक्षा सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्था है। बहन बेटी की तरफ कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता।

गाजियाबाद के विकास को लगातार ऊंचाई मिल रही है। आरआरटीएसरेल हो, मेट्रो हो एयरपोर्ट हो जैसी सुविधाएं आज गाजियाबाद के लोगों के लिए सरकार के प्रयासों से उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि आज गाजियाबाद में रोजगार की भी बेहतरीन सुविधाएं हैं। कार्यक्रम में कैबनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह, मंत्री बृजेश सिंह, अनिल अग्रवाल, विधायक अजित पाल त्यागी, धर्मेंश तोमर, रमेश चंद्र तोमर, संजीव शर्मा, कपिल देव अग्रवाल, सतेंद्र सिसोदिया, मयंक गोयल भी उपस्थित थे।

इन प्रमुख परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास

- डूंडाहेड़ा स्थित 50 बेड का अस्पताल
- राजकीय महाविद्यालय, मोदीनगर
- विकास खंड भोजपुर में सभागार
- धौलाना के मुकीमपुर में कस्तूरबा गांधी एकेडमिक ब्लॉक और छात्रावास
- निडौरी में राजकीय इंटर कॉलेज
- समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय
- साहिबाबाद साइट-4 में वाटर हाइड्रेंट
- लोनी असालतपुर में सद्भाव मंडप
- 220 केवी उपकेंद्र मोरटा
- मुरादनगर के घूमेश्वर मंदिर में पर्यटन विकास के कार्य शिलान्यास
- विजयनगर में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और मल्टीपरपज हॉल
- सेफ सिटी के तहत इंटिग्रेटेड सीसीटीवी कैमरों की निगरानी का कार्य
- आधुनिक कारकस प्लांट
- महामाया स्टेडियम के पीछे बायोडायवर्सिटी पार्क
- आईटीएमएस परियोजना का कार्य
- 220 केवी उपकेंद्र वसुंधरा
- राजकीय आयुर्वेदिक यूनानी चिकित्सालय
- राजनगर एक्सटेंशन स्थित बंधा रोड से चार्म्स कैसल तक रोड और नाला
- राजनगर एक्सटेंशन में भट्टा नंबर पांच से अग्रवाल हाइट्स तक सीवरेज एवं ड्रेनेज का कार्य
- मोदीनगर में सहारनपुर रेलवे लाइन के पास चार लेन का आरओबी

# उप्र : बदायूं, गाजीपुर, बलिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही गंगा

लखनऊ, 18 सितम्बर(हि.स.)। उत्तर प्रदेश में भारी वर्षा के कारण गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। इसके कारण बदायूं, गाजीपुर, बलिया और फरूर्खाबाद में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कानपुर, कानपुर देहात और वाराणसी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर से घाट पूरी तरह से



जलमग्न हो गये हैं।

गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने नदी किनारे के ग्रामीण क्षेत्रों को खाली कराया है। इसमें अभी तक तीन सौ से अधिक गांवों को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है। ताकि बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने में किसी प्रकार का जान माल का नुकसान न हो।

उप्र के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने नदियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए कटान रोकने के निर्देश दिये हैं। गंगा के बढ़ते जलस्तर पर सिंचाई विभाग के अभियंताओं एवं अधिकारियों को नजर बनाये रखने को कहा है। स्वतंत्रदेव सिंह स्वयं भी नदियों की प्रतिदिन की स्थिति की जानकारी कर रहे हैं।

सिंचाई विभाग उप्र के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर प्रयागराज, कन्नौज, रायबरेली में खतरे के निशान से नीचे है। इसके बावजूद वहां ग्रामीण अंचल में बाढ़ और कटान के खतरों पर निगरानी की जा रही है।

किसी भी परिस्थिति से निपटने की पूरी तैयारी की गयी है। इसी तरह जहां पर गंगा अब खतरे के निशान से ऊपर है, वहां नदी किनारे के गांवों को खाली कराया गया है।

गंगा की तरह घाघरा का जलस्तर सामान्य से ज्यादा

प्रदेश में दूसरी बड़ी नदी के रूम में बहने वाली घाघरा नदी का जलस्तर सामान्य से ज्यादा हो गया है। बलिया में तुतरीपार, अयोध्या में मुख्य घाट, बाराबंकी में एल्गिनब्रिज में घाघरा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। घाघरा नदी ने बाराबंकी और अयोध्या के गांवों को प्रभावित किया है। कई गांव पूरी तरह से जलमग्न हो गये हैं।

# वंचित दलितों को दिया जाए आरक्षण उप वर्गीकरण का लाभ

मेरठ, 18 सितम्बर (हि.स.)। आरक्षण से वंचित दलित को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार उप वर्गीकरण का लाभ दिया जाए। इस मांग को लेकर बुधवार को महर्षि वाल्मीकि सेना ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही ज्ञापन भेजकर सरकारी सेवाओं में दलित आरक्षण में उप वर्गीकरण करके इसका लाभ वंचित वाल्मीकि समाज को दिए जाने की मांग की। गई। देश और उत्तर प्रदेश में दलित आरक्षण में उप वर्गीकरण तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए और इसे लागू ही इस आरक्षण पर रोक लगाई। दूसरी बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2018 में वंचित वर्ग को आरक्षण देना चाहा, लेकिन किन्हीं कारणों से उस पर रोक लग गई। अब तीसरी बार सुप्रीम कोर्ट ने इस पर निर्णय दिया कि सभी वंचित वर्ग को




जिलाधिकारी कार्यालय के नाम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजकर उप वर्गीकरण को लागू करने की मांग की गई।

महर्षि वाल्मीकि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम रामचन्द्र वाल्मीकि और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू रोदिया के नेतृत्व में बुधवार को वाल्मीकि समाज के लोगों ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के दलित आरक्षण में उप वर्गीकरण को लेकर दिए गए आदेश पर खुशी जताते हुए आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को करने से पहले कोई भी भर्ती न की जाए।

उन्होंने कहा कि आरक्षण की लड़ाई उत्तर प्रदेश में सर्वप्रथम महर्षि वाल्मीकि सेना संस्थापक अध्यक्ष पूर्व मंत्री रामचंद्र वाल्मीकि ने सड़क से लेकर सदन तक लड़ी थी। वाल्मीकि समाज को पृथक आरक्षण के लिए उन्होंने लगातार बड़ी जनसभाएं और सम्मेलन किए थे। उनपर लाठीचार्ज भी हुआ और जेल भरो आंदोलन में जेल भी गए।

तब जाकर 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भाजपा सरकार में इसे लागू किया गया।

मायावती की सरकार आते उनके हक अधिकार मिलने चाहिए। आरक्षण में आरक्षण होना चाहिए। उसके बाद जो लोग संपन्न हो गए हैं या आगे बढ़ गए हैं। उन लोगों को अब वंचितों का हक और अधिकार ना मिले। अब जब सुप्रीम कोर्ट ने भी यह निर्देश दिए है तो इसे अति शीघ्र लागू कर देना चाहिए। वाल्मीकि समाज को अलग आरक्षण देकर ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना साकार होगा, विकसित भारत की संकल्पना को बल मिलेगा।

इस अवसर पर बिजेन्द्र सिंह, राजेश चौहान, सुमित कुमार, प्रवीण गहलौत, मनोज खोबे आदि उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का जिलाधिकारी ने किया अनावरण

हरदोई, 18 सितंबर (हि.स.)। बुधवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने विवेकानंद जिलाधिकारी मंगला प्रसाद ने लोक निर्माण विभाग व कांट्रेक्टर शील गुप्ता के योगदान जिलाधिकारी ने कहा कि भविष्य में प्रांगण में एक वीथिका बनवायी जाएगी। जिन पर



सभागार में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने अध्यात्म गुरु स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा माल्यार्पण किया। जिलाधिकारी ने प्रतिमा के निर्माण कर्ता प्रोफेसर कृष्ण चन्द्र बाजपेयी व उनकी टीम का आभार जताया।

की सराहना करते हुए कहा कि विवेकानंद प्रतिमा लोगों को प्रेरणा देगी। यहां लिखी पंक्तियां उठो, जागो और तब तक नहीं रुको, जब तक कि लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये।

पिछले दो वर्षों के दौरान कलेक्ट्रेट में हुए बदलावों की कड़ी में आज एक और नाम जुड़ गया।

जनपद के स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के बारे में उल्लेख किया जायेगा।

मूर्ति के अनावरण के उपरांत जिलाधिकारी ने मूर्तिकार कृष्ण चन्द्र बाजपेई का मुँह मीठा कराया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बारिश से पीतलनगरी के बाजारों, गली-मोहल्लों में भरा बरसात का पानी

मुरादाबाद, 18 सितम्बर (हि.स.)। पीतलनगरी मुरादाबाद में सप्ताह भर से रूक रूककर हो रही बारिश बुधवार को भी जारी रही। लगातार बारिश से मुरादाबाद का मौसम काफी सुहावना हुआ तो पीतलनगरी के बाजारों, गली-मोहल्लों और कालोनियों में लबालब बरसात का पानी भर गया।

बारिश से बीते 15 दिन में मुरादाबाद का अधिकतम औसतन तापमान 8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री घट गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि जिले इस सप्ताह भर बादल छाए रहेंगे, लेकिन अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक पहुंचेगा। बारिश से बुधवार को सुबह 6 बजे से एक घंटे की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक अच्छी बारिश पड़ी। इस बारिश से एमडीए व आवास विकास की कालोनियों, कटघर, लाइनपार, लालबाग, वारसी नगर, मोहल्ला दौलत बाग, बंगला गांव, लाइनपार, सीतापुरी दससराय, जयंतीपुर आदि मोहल्ला व कालोनियां में बारिश का पानी इस कद्र भर गया कि लोगों का निकलना बढ़ना दूभर हो गया है।

मौसम प्रयोगशाला के प्रभारी निसार अहमद ने बताया कि आज की बारिश से मुरादाबाद का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा और अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। जिले में आगामी रविवार तक मुरादाबाद में बादल छाए रहेंगे, लेकिन अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक भी पहुंचेगा। इसलिए दोपहर के समय में अभी गर्मी, उमस से छुटकारा नहीं मिलेगा, रात्रि में काफी राहत मिलेगी।

# न्यायालय के आदेश पर नैनीताल से दो वारंटी गिरफ्तार

मुरादाबाद, 18 सितम्बर (हि.स.)। जिले के थाना ठाकुरद्वारा कोतवाली की पुलिस ने बुधवार को उत्तराखंड के नैनीताल स्थित काठगोदाम से दो वारंटियों को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया।

बता दें कि उत्तराखंड के जनपद नैनीताल के काठगोदाम क्षेत्र के पनियाली निवासी विजय प्रताप और विशाल के खिलाफ मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा कोतवाली में वर्ष 2022 में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिसमें आरोपी कोर्ट में तारीख पर नहीं जा रहे थे।

इस पर कोर्ट ने दोनों की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था।

# नगर पालिका अध्यक्ष के घर का घेराव, जमकर नारेबाजी

जालौन, 18 सितम्बर (हि.स.)। उरई नगर के एक मोहल्ले में बिजली का पोल न लगने के कारण यहां के लोग बिजली समस्या से परेशान हैं। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष से भी गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं। इसी कारण लोगों ने बुधवार जुलूस निकालते हुए नगर पालिका अध्यक्ष के घर के बाहर हंगामा किया। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं के साथ पहुंचे लोगों ने अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की।

उरई कोतवाली क्षेत्र स्थित मोहल्ला शांति नगर के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष की कार्यशाली से आक्रोशित होकर व अपनी समस्याओं को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष के आवास का घेराव किया था। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी ने महिलाओं को धमकी भरे लहजे में हड़काया। जिसका वीडियो वायरल हो गया है। यह घटना जालौन के उरई नगर की है। लोगों का कहना है कि विद्युत पोल न लगने से उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत

हरदोई, 18 सितम्बर (हि.स.)। संडीला-मल्लावां मार्ग पर सई नदी पुल के निकट बाइक सवार मजदूर को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही कासिमपुर पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम अटका निवासी अवधेश कुमार (30) मल्लावां थाना क्षेत्र के ग्राम परस नेवादा अपनी ससुराल में रहता था। ससुराल से ही बुधवार की सुबह साढ़े सात बजे संडीला स्थित इंडस्ट्रियल एरिया फैक्टरी मे काम करने के लिए बाइक से जाते हुए उसके साथ हादसा हो गया।

मृतक के परिवार में पत्नी रूबी के अलावा एक पुत्र है। कासिमपुर थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम मल्लावां पुलिस करा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। अज्ञात वाहन की जानकारी जुटाई जा रही है।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे

जालौन, 18 सितम्बर (हि.स.)। पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान एक पक्ष पूरे परिवार के साथ मिलकर बुजुर्ग दम्पत्ती को बेरहमी से पिटाई की।

कोंच कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर के रहने वाले बुधु सिंह बेलदार का पड़ोस में रहने वाले अजय बेलदार से बीते दिनों मामूली बात पर कहासुनी हो गई थी। बुधवार को पुरानी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि अजय बेलदार अपने घर की महिलाओं के साथ लाठी और लोहे की खुरपी लेकर आ गए और उन्होंने बुधु सिंह बेलदार के ऊपर हमला बोल दिया। जिसे देखकर उसकी पत्नी मीरा देवी उसे बचाने पहुंची। मगर अजय बेलदार के घर के लोगों ने मीरा देवी के ऊपर प्राण घातक हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। इस घटना को देख इलाके में हड़कम्प मच गया।

इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप वर्मा ने बताया कि घटना संज्ञान में है, जांच की जा रही है। जो भी दोषी होंगें, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महोबा में रोडवेज बस की टक्कर से पीआरवी वाहन सवार सिपाही समेत दो की दर्दनाक मौत

महोबा, 18 सितम्बर (हि.स.)। जनपद के चंद्रावल रोड मोड़ के पास बुधवार को एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पीआरवी वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक सिपाही की मौत हो गई, जबकि दो अन्य दो सिपाही गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद चालक बस भगाने के चक्कर में एक राहगीर को भी रौंदते हुए निकल गया। चालक बस को कार्यशाला में खड़ा कर फरार हो गया।

सदर क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे ने बताया कि रोजाना की तरह पीआरवी वाहन में सवार होकर मुख्य आरक्षी अब्दुल हक, बेचन लाल और आरक्षी सुभाष चन्द्र ड्यूटी क्षेत्र में जा रहे थे। चंद्रावल रोड मोड़ के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पीछे से पीआरवी वाहन में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वाहन एक दुकान में जा घुसा। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया। चिकित्सक ने कांस्टेबल सुभाष को देखते ही मृत घोषित कर दिया। हेड कांस्टेबल अब्दुल हक और बेचन लाल की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, रोडवेज बस चालक ने हादसे के बाद भागने की कोशिश में एक और राहगीर को रौंद दिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई है। घटना के बाद चालक बस को कार्यशाला में खड़ा कर फरार हो गया।

पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश में टीमों को लगाया है।

# कच्चा मकान गिरने से युवक मौत

औरैया, 18 सितंबर (हि.स.)। जिले में हो रही मूसलाधार बारिश जानलेवा होने लगी है। बुधवार को अयाना में बारिश से कच्चे मकान की दीवार ढह गई। इसके मलबे में दबकर एक युवक व एक बकरी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मैनपुरी के घिरोर थानाक्षेत्र के नायक कुंड निवासी विजय (20) सात वर्ष से अयाना में रहने वाले अपने मामा नवाब सिंह के घर पर रहता था।

बुधवार तड़के तीन बजे अचानक कच्चे मकान की दीवार गिरने से भांजा विजय व पास में बंधी बकरी दब गई। दीवार गिरने की आवाज सुन लोग जब तक उसके मलबे में दबे युवक विजय को बाहर निकाल पाते तब तक उसकी मौत हो गई।

मामा नवाब सिंह ने बताया कि बहन गुड्डी देवी व बहनोई मुकेश की सात साल पहले मौत हो गई थी। इस पर वह भांजे विजय को घर ले आया था। वह यहां पर बकरी पालन का काम करता था। दूसरा भांजा आशीष चेन्नई में नौकरी करता है।

मामा नवाब ने बताया कि उसका परिवार कच्चे मकान में रहता है। यदि उसे कॉलोनी मिली होती तो उसके भांजे की मौत नहीं होती।

घटना की सूचना पर तहसीलदार अजीतमल जीतेश वर्मा, थानाध्यक्ष विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तहसीलदार ने बताया कि मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

# यूनान, रोम, मिस्र, यूरोप के धर्मग्रंथ या इतिहास में जीवन पद्धति का उल्लेख नहीं : प्रो. विनय पांडेय

गोरखपुर, 18 सितम्बर (हि.स.)। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार पांडेय ने कहा कि यूनान, रोम, मिस्र, यूरोप समेत दुनिया के किसी भी देश के धर्मग्रंथ या इतिहास में जीवन लेकर चलती है। हमारे यहां ज्ञान और विज्ञान साथ-साथ चले हैं। अध्यात्म, धर्म भारतीय संस्कृति के मूल अंग हैं।

प्रो. पांडेय ने कहा कि संस्कृति को समझने के लिए हमें प्रकृति और विकृति को भी समझना पड़ेगा। उदाहरण के करते हुए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के पूर्व आचार्य प्रो. कमलचंद्र योगी ने कहा कि आज एक बार फिर पूरा विश्व भारत की आध्यात्मिक संस्कृति की महत्ता को स्वीकार कर रहा है।

यह आध्यात्मिक संस्कृति,



पद्धति का उल्लेख नहीं है। जबकि संस्कृत से प्रस्फुटित वेदों, पुराणों से बनी भारतीय संस्कृति में ही मूल्यपरक जीवन पद्धति का वर्णन है। भारतीय संस्कृति ही एकमात्र ऐसी संस्कृति हैं, जिसमें परिवार, समाज, राष्ट्र और यहां तक कि दुश्मनों के प्रति मर्यादा बताई गई है। अमर्यादित आचरण तभी होता है, जब हम अपनी संस्कृति से विमुख होते हैं। मर्यादित आचरण का भान कराने वाली हमारी संस्कृति संस्कृतमूलक है और हमें अपनी भारतीय संस्कृति और संस्कृत पर गर्व होना चाहिए।

बुधवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज की 55वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों के सम्मेलनों की श्रृंखला के चौथे दिन ह्यसंस्कृत एवं भारतीय संस्कृतिह्ण विषयक सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे प्रो विनय कुमार ने कहा कि संस्कृत पढ़ने और समझने वाला कभी भी भारतीय संस्कृति नहीं छोड़ सकता है। क्योंकि, संस्कृत का गहरा प्रभाव पड़ता है और संस्कृत से बनी भारतीय संस्कृति मन-मस्तिष्क को शुद्ध करती है।

भारतीय संस्कृति विकास और ज्ञान के समवेत स्वरूप को लिए भूख लगना प्रकृति है। भूख लगने पर जब समूह में लोगों का भोजन कोई एक छीन ले तो यह विकृति होगी। जबकि सबके साथ मिल बांटकर खाना या फिर खुद भूखे रहकर अन्य जरूरतमंद लोगों को खिला देना संस्कृति कही जाएगी। और, यही भाव भारतीय संस्कृति का है। आज जब पूरा विश्व अर्थवाद और बाजारवाद की चपेट में है, दूसरों का अधिग्रहण न करने का ज्ञान देने वाली भारतीय संस्कृति ही मार्गदर्शक नजर आती है। इसलिए आज पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति का अनुपालन करने के लिए लालायित है।

–दो हजार वर्ष पूर्व थे दो ही विज्ञान, ज्योतिष और आयुर्वेद

प्रो. पांडेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति ने ज्ञान आधारित विज्ञान को अपनाया। उसने हमेशा यही माना है कि विज्ञान जरूरी है लेकिन हमें विनाश वाला विज्ञान नहीं चाहिए। पुरातन भारतीय संस्कृति इसीलिए पेड़ों को भी देवता मानती थी कि उसे पर्यावरण विज्ञान का संरक्षण करना था। उन्होंने कहा कि दो हजार वर्ष पूर्व दो ही विज्ञान थे, भारतीय ज्योतिष और आयुर्वेद। इसके अलावा दुनिया में और कोई विज्ञान नहीं था।

–संस्कृत से प्रस्फुटित हुई है भारतीय संस्कृति : प्रो. कमलचंद्र

सम्मेलन को सम्बोधित संस्कृत से ही प्रस्फुटित हुई है। संस्कृत और भारतीय संस्कृति को कभी विलग नहीं किया जा सकता है। संस्कृत ने न सिर्फ अध्यात्म बल्कि जीवन के भौतिक पक्ष का भी मार्गदर्शन करने वाले ज्ञान का प्रादुर्भाव किया है। आध्यात्मिक और भौतिक दोनों ही दृष्टिकोण से यदि भारतीय संस्कृति दुनिया में बहुमूल्य है तो इसका श्रेय भी संस्कृत को जाता है।

सम्मेलन की अध्यक्षता गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, आभार ज्ञापन महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सदस्य डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह, संचालन माधवेंद्र राज एवं वैदिक मंगलाचरण डॉ रंगनाथ त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर दिगम्बर अखाड़ा, अयोध्या के महंत सुरेशदास, नासिक महाराष्ट्र से पधारे योगी डॉ. विलासनाथ, कटक उड़ीसा से आए महंत शिवनाथ, अयोध्या से आए महंत राममिलनदास, काशी से पधारे महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, नीमच मध्य प्रदेश से आए योगी लालनाथ, देवीपाटन शक्तिपीठ, तुलसीपुर के महंत मिथलेशनाथ, जबलपुर से आए महंत नरसिंह दास, कालीबाड़ी के महंत रविन्द्रदास, दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी का बयान कांग्रेस की आरक्षण विरोधी मानसिकता का परिचायक : अश्वनी पटेल

प्रयागराज, 18 सितम्बर (हि.स.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा अमेरिका में आरक्षण विरोधी बयान को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी कुमार पटेल ने कहा कि राजीव गांधी द्वारा अमेरिका में दिया गया बयान कांग्रेस और विशेष कर गांधी परिवार की आरक्षण विरोधी मानसिकता की विश्वविद्यालय घोषित करने के पीछे पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के आरक्षण के अधिकार को छीनने को एक शरारत पूर्ण चाल है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 के बहाने जवाहरलाल नेहरू ने जम्मू कश्मीर में पिछड़ों एवं दलितों के आरक्षण के हक के साथ ही उनसे विधानसभा में उनके वोट पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का हक एक विशेष समुदाय मुस्लिम वर्ग के लोगों को दिया जा रहा है। इससे सिद्ध होता है इंडी गठबंधन की सरकार पिछड़ा वर्ग विरोधी है।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा 19 सितम्बर को प्रदेश एवं



पुनरावृत्ति का परिचायक है।

बुधवार को सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा जवाहरलाल नेहरू की इसी आरक्षण विरोधी मानसिकता का अनुसरण उनकी उत्तराधिकारी इंदिरा गांधी ने जारी रखते हुए काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में रखा था। राजीव गांधी ने मंडल आयोग की सिफारिश का विरोध करते हुए संसद में प्रधानमंत्री के तौर पर मंडल आयोग की रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। इतना ही नहीं कांग्रेस का विशेष कर गांधी परिवार की जामिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को मुस्लिम का संवैधानिक अधिकार भी छीन रखा था और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को चुनाव में हराने का कार्य करने वाले जवाहरलाल नेहरू की पिछड़ा और दलित विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में आरक्षण समाप्त करने वाला बयान बहुत ही निंदनीय है।

श्री पटेल ने कहा कि राहुल गांधी के आरक्षण समाप्त करने वाले बयान को गम्भीरता से लेते हुए पूरे देश में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश में राहुल गांधी के सहयोगी दल इंडी गठबंधन की जहां सरकारें हैं वहां मंडल स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर विरोध प्रदर्शन करेंगे और 21 सितम्बर को प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर वृहद स्तर पर मार्च निकालेंगे। 26 सितम्बर को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दिल्ली आवास पर घेराव करेंगे।

प्रेस वार्ता में क्षेत्रीय महामंत्री संजय गुप्ता, महानगर अध्यक्ष आनंद जायसवाल, यमुनापार जिलाध्यक्ष सुभाष पटेल, गंगापार अध्यक्ष विजय पटेल, घनश्याम मौर्य, देवेंद्र गिरी, धर्मेंद्र पटेल, राजू पटेल, नटेश्वर, कुलदीप वर्मा, कुलभूषण, दिनेश सिंह, विकास सिंह, कृष्णा वर्मा, पीयूष आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस पदाधिकारियों ने मंडलायुक्त कार्यालय पर किया प्रदर्शन

-मंडलायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन अपर आयुक्त को सौंपा

मुरादाबाद, 18 सितम्बर (हि.स.)। उप्र कांग्रेस कमेटी के आहवान पर बुधवार को मुरादाबाद मंडल के विभिन्न जिलों व महानगर के कांग्रेस पदाधिकारियों ने मंडलायुक्त



कार्यालय पर प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन अपर आयुक्त को सौंपा। बिगड़ती कानून व्यवस्था व पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों में मुरादाबाद जिला और महानगर के अलावा रामपुर, सम्भल, बिजनौर, अमरोहा के कांग्रेसी अपनी-अपनी टीमों के साथ मौजूद रहें।

कांग्रेस में प्रदेश सचिव सचिन चौधरी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर उत्तर प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था व पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ आज प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया गया व ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मुरादाबाद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद व महानगर अध्यक्ष अनुभव महरोत्रा ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। पुलिस धर्म और जाति देखकर कार्रवाई कर रही है।

प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस के प्रदेश सचिव सचिन चौधरी के अलावा संभल जिलाध्यक्ष विजय शर्मा, बिजनौर के जिलाध्यक्ष शेरवास पठान, रामपुर से पूर्व विधायक अफरोज अली खान, कांग्रेस प्रवक्ता व जिला उपाध्यक्ष सुधीर पाठकर, अल्पसंख्यक विभाग मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष अफजाल साबरी, पूर्व मेयर प्रत्याशी आनंद मोहन गुप्ता एडवोकेट, पूर्व महानगर अध्यक्ष असद मलाई, सहित अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

# मेरठ में 16 से 18 अक्टूबर तक लगेगा अखिल भारतीय किसान मेला व कृषि उद्योग प्रदर्शनी

मेरठ, 18 सितम्बर (हि.स.)। सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ में अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।

कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रचार डॉ. पीके सिंह के अनुसार, इस बार मेले का विषय कृषि उद्यमिता-समृद्ध किसान है। इस मेले में देश के विभिन्न भागों विशेषकर उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड एवं दिल्ली राज्यों के किसान भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कृषि उद्योग प्रदर्शनी में फल-फूल, शाकभाजी एवं परिरक्षित पदार्थ प्रदर्शनी प्रतियोगिता एवं अवलोकन, पशु प्रदर्शनी, प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 18 अक्टूबर को होगा।

उन्होंने बताया कि आगन्तुकों द्वारा कृषि उद्योग प्रदर्शनी का अवलोकन, कृषि शिक्षा सूचना केन्द्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश के चारों कृषि विश्वविद्यालय में संचालित शिक्षण पाठयक्रम सम्बंधी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही शोध केन्द्रों पर परीक्षण एवं प्रदर्शनी का अवलोकन, रबी फसलों (खाद्यान्न, दलहनी, तिलहनी, औषधीय सुगंधित एवं सब्जियों) के नवीनतम एवं उन्नतशील प्रजाजियों के पौधों, बीजों एवं मिनीकिट्स की उचित मूल्य पर बिक्री होगी।

साथ ही आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, कृषि समस्या समाधान हेतु विचार गोष्ठी, चौपाल एवं विशेषज्ञों के व्याख्यान, पंजीकृत आगुंतकों के लिए प्रसार साहित्य का निःशुल्क वितरण तथा ड्रोन का सजीव प्रदर्शन प्रतिदिन होगा।

निदेशक के अनुसार, मेले के अवसर पर सार्वजनिक एवं निजी संस्थाओ द्वारा उत्तम बीज, गुणवत्तायुक्त उर्वरक एवं कृषि रसायन उचित मूल्य पर उपलब्ध कराये जाते हैं।

सरकारी विभागों के स्टॉल की सुविधा निःशुल्क रहेगी। इस अवसर पर मेले में 100 से अधिक फर्म के स्टाल भाग ले रहे हैं।

मेला अवधि में किसानों के ठहरने के लिए विश्वविद्यालय में नियमानुसार आवास व्यवस्था की गयी है। कृषि तकनीकी साहित्य पंजीकरण के उपरांत निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

# चारों धाम की यात्रा से पहले ननिहाल में हुआ भव्य स्वागत

सुल्तानपुर, 18 सितम्बर (हि.स.)। चारों धाम की यात्रा निकलने से पहले ननिहाल में पहुंचते ही भव्य स्वागत हुआ। विदाई के समय जब लोग विदा कर रहे थे, उस समय आंसू तो नहीं गिरे पर गला भर आया। सनातन धर्म में चार धाम यात्रा को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति चार धाम में से किसी एक धाम के भी दर्शन कर लेता है, उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। जीवन में आ रही समस्याएं दूर हो जाती हैं।

अमेठी जिले के पशरामपुर (डेढ पसार) गांव निवासी उमाशंकर गुप्ता बुधवार की सुबह चारों धाम की यात्रा निकालने से एक दिन पहले अपने परिजनों के साथ ननिहाल गाँव सनहा पहुंचे। उनके साथ पुत्र सुभाष गुप्ता प्रधान प्रतिनिधि, गुलाब गुप्ता, समधी दयाशंकर गुप्ता सहित गाजे बाजे के साथ लोगों का भव्य स्वागत हुआ। ननिहाल में रमाकांत उर्फ भोला रमाशंकर, दयाशंकर सहित उनके परिजनों में घनश्याम गुप्ता, विकास गुप्ता, शलभ विक्रम साहू, संतोष गुप्ता, अंकेश गुप्ता, गोलू आदि ने तिलक, अंगवस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया।

उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि चारों धाम की यात्रा पर निकलने के पूर्व सबसे पहले ननिहाल जाना होता है। वहां पर हम अपने सभी पूर्वजों को आमंत्रित करते हुए उन्हें साथ लेकर जायेंगे। ननिहाल में हुए स्वागत से मैं अभीभूत हूं। विदाई के समय आंखें भर आई।

बता दें कि, चार धाम यानी बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा शुरू हो गई है।

वेद एवं पुराणों में चार धाम यात्रा को बहुत ही शुभ माना गया है। मान्यता है कि जो व्यक्ति चार धाम की यात्रा करता है, उसे समस्त पापों से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। साथ ही जीवन में आ रही सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं।

उल्लेखनीय है कि, हिन्दू धर्म में दो प्रकार की चार धाम यात्रा की जाती है।

एक बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा और दूसरा बद्रीनाथ, जगन्नाथ, रामेश्वरम और द्वारका धाम की यात्रा। यह सभी पवित्र धाम देश के विभिन हिस्सों में मौजूद हैं, जिसके कारण इसे बड़ा चार धाम यात्रा भी कहा जाता है।

# दीक्षा लेने आश्रम पहुंचे कश्मीरी मुस्लिम युवक की जांच, हुआ फरार

रायबरेली, 18 सितम्बर(हि.स.)। कश्मीरी मुस्लिम युवक दीक्षा लेने के लिए डलमऊ के मठ में पहुंच गया। हालांकि बातचीत के दौरान ही उसकी पोल खुल गई और पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस की बात होने पर युवक बहाने से भाग निकला। रायबरेली के डलमऊ स्थित बड़ा मठ के सचिव दिव्यानन्द गिरी ने बताया कि रविवार को उनके आश्रम में एक कश्मीरी युवक आया। वह बड़ी दाढ़ी व भगवा वस्त्र पहने था। उसके एक हाथ में रुद्राक्ष की माला थी।

उन्होंने बताया कि वह पूछने पर खुद को हिन्दू बताते हुए महाराष्ट्र के संतों का भेजा बताया । युवक को खाना-पीना खिलाया गया। हालांकि उसकी कुछ गतिविधियों से आश्रम के संतों को शक होने लगा। दिव्यानन्द गिरी ने उससे अपना परिचय पत्र दिखाने को कहा। बड़ी मुश्किल से युवक ने अपना ड्राइविंग लाइसेंस दिखाया। जिस पर नाम मोहम्मद सलीम लिखा था। यह देखकर संतों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के आने से पहले युवक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अखिलेश और ओवैसी को राहत, ज्ञानवापी से जुड़े हेट स्पीच मामले में याचिका खारिज

वाराणसी, 18 सितंबर (हि.स.)। ज्ञानवापी प्रकरण से जुड़े हेट स्पीच मामले में वाराणसी की एक अदालत ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को बड़ी राहत दी है। अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के दौरान मिली शिवलिंग जैसी संरचना को लेकर दिए गए उनके बयान को हेट स् पीच नहीं माना है।

अपर जिला जज (नवम) विनोद कुमार सिंह की अदालत ने इस मामले में दाखिल निगरानी अर्जी को खारिज कर दिया। अदालत के इस फैसले से वादी पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय और अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह को बड़ा झटका लगा है। दोनों अधिवक्ताओं ने एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ यह अर्जी दाखिल की थी। इसमें अखिलेश, ओवैसी व अंजुमन इंतेजामिया कमेटी के पदाधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई थी।

वाराणसी का एमपी-एमएलए कोर्ट पहले ही इससे संबंधित अर्जी खारिज कर चुका है। पिछले वर्ष अधिवक्ता हरिशंकर पांडे और अजय सिंह की तरफ से यह याचिका दायर की गई थी।

अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने वजू खाने में मिले शिवलिंग जैसी संरचना को लेकर अखिलेश और ओवैसी पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया था।

# देश हित में एक देश एक चुनाव : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ, 18 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया है। केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि एक देश एक चुनाव देश हित में है। प्रधानमंत्री मोदी का कड़ा और बड़ा निर्णय है एक भारत श्रेष्ठ भारत।

एक देश एक चुनाव वाली रामनाथ कोविंद समिति को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। बुधवार को हुई नरेंद्र मोदी सरकार की कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को पेश किया गया, जिस पर सर्वसम्मति से कैबिनेट ने मुहर लगा दी। सरकार के इस कदम का भारतीय जनता पार्टी ने भी स्वागत किया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा कि एक देश एक चुनाव यह भारतीय जनता पार्टी के एजेण्डे में शामिल है। एक देश एक चुनाव होना चाहिए। यह देश के हित में है। आजादी के बाद देश में लोकसभा के साथ ही विधानसभा के चुनाव होते थे। बाद में लोकसभा व विधानसभा का चुनाव अलग—अलग होने लगे।

# हिन्दू संगठनों ने थाना बिजनौर कोतवाली का घेराव किया

बिजनौर, 18 सितम्बर ( हि.स.)। हिन्दू देवी-देवताओं के विरुद्ध एक युवक द्वारा फेसबुक पर की गई लगातार अशोभनीय टिप्पणी करने से नाराज हिन्दू संगठनों ने थाना बिजनौर कोतवाली का घेराव किया। हिन्दू संगठनों ने थाना शहर कोतवाली में तहरीर देकर युवक के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि गौरव धीमान नाम से फेसबुक पर कई दिनों से हिन्दू देवी-देवताओं व मुख्यमंत्री योगी को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की जा रही है। इस शिकायत पर पुलिस ने कोई संज्ञान नहीं लिया है।

उन्होंने कहा कि जिसके बाद हिन्दू संगठनों का गुस्सा बढ़ गया है। पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने पर वे आगे बड़ा आंदोलन करेंगे। आज प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की गयी है।

इस अवसर पर नीरज विश्नोई, शोभा शर्मा, राहुल राजपूत, दीपक कुमार, अभिषेक भारद्वाज सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं पुलिस अधिकारियों ने दोषी युवक की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

# मऊ में तीन सौ बाढ़ पीड़ित परिवारों को बांटी गई राशन सामग्री

जालौन, 18 सितम्बर (हि.स.)। कोंच नगर में बाढ़ से बर्बाद हुए पुराने मऊ गांव में तीन सौ बाढ़ पीड़ित परिवारों को माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन की देख-रेख में अधिकारियों व कर्मचारियों ने बुधवार को राहत सामग्री की किटें बांटीं। विधायक ने उन किसानों, जिनकी फसलें बर्बाद हो गई हैं, को आश्वस्त किया कि उन सभी को सरकार की ओर आर्थिक सहयोग मुहैया कराई जाएगी।

गांव के राहत शिविर में जुटे बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को विधायक ने राशन सामग्री से भरी किटों का वितरण किया। विधायक ने कहा, दैवीय आपदा की इस घड़ी में शासन-प्रशासन पूरी तरह से पीड़ितों की मदद करने के लिए तत्पर है। किसी भी परिवार को परेशान नहीं होने दिया जाएगा और हरसंभव मदद की जाएगी। इस दौरान एसडीएम ज्योति सिंह, तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, पालिकाध्यक्ष कोंच प्रदीप गुप्ता, नायब तहसीलदार सुधीर कुमार, जितेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे

# तीनों सड़कों के लिए 95.48 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर

मुरादाबाद, 18 सितम्बर (हि.स.)। मुरादाबाद नगर निगम को सीएम ग्रिड सड़क योजना फेज-2 के तहत शहर की तीन सड़कों के लिए 95 करोड़ 48 लाख रुपये मंजूर हो गया है। नगर निगम जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी करके तीनों सड़कों का निर्माण कराएगा। नगर निगम द्वारा बेहतर हाउस टैक्स वसूलने पर शहर की तीन सड़कों को धन देने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया था।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि शासन ने तीनों सड़कों के लिए 95.48 करोड़ रुपये धन देने की मंजूर दे दी है। उन्होंने इनमें गौतमबुद्ध पार्क से बुद्धि विहार फेज-एक तक 4.716 किलोमीटर की सड़क के लिए 70.74 करोड़ रुपये मिलेंगे।

वहीं मानसरोवर कालोनी से लाइनपार रामलीला मैदान मार्ग की 1.840 किलोमीटर तक की सड़क के लिए 27.40 करोड़ और और हैलेट रोड से पारकर रोड के लिए 13.13 करोड़ रुपये शासन से मिलेंगे।

तीनों सड़कें बरसात के चलते काफी खराब हो गई हैं, बरसात बाद तीनों सडक के कार्य आरम्भ होंगे।

## : सीडीओ ने पान उत्पादक कृषकों के दल की बस को हरी झण्डी दिखाकर जनपद से रवाना किया

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन प्रोत्साहन की योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत जनपद के पान उत्पादक 50 कृषकों का दल प्रदेश से बाहर (चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर, महोबा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र छतरपुर मध्य प्रदेश) सात दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 18 सितम्बर से 24 सितम्बर, 2024 तक के लिए जनपद से रवाना हो रहा है। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने विकास भवन परिसर से पान उत्पादक कृषकों के दल की बस को हरी झण्डी दिखाकर प्रदेश के बाहर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

# किसान दिवस में गूंजा ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुआ आने का मामला

-ठाकुरद्वारा के किसानों ने कृत्रिम गभार्धान के लिए तैनात कार्मिकों द्वारा पैसे लेने की शिकायत की

-जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में किसान दिवस आयोजित, सुनीं समस्याएं

मुरादाबाद, 18 सितम्बर (हि.स.)। जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान




दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे जिले से किसानों ने पहुंचकर अपनी शिकायतें और समस्याएं रखीं। किसान दिवस में किसानों ने ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुआ आने का मामला जोर-शोर से उठाया। इसके अलावा ठाकुरद्वारा के किसानों ने कृत्रिम गभार्धान करने के लिए तैनात कार्मिकों द्वारा पैसे लेने की शिकायत की।

ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ आने के मामले में जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीण जनों की सुरक्षा के दृष्टिगत तेंदुआ पकड़ने की कार्रवाई करें।

किसान दिवस में पशुओं में टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गभार्धान, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, गन्ना मूल्य भुगतान तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में जिला गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया कि वर्तमान में लंबित गन्ना मूल्य का भुगतान यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

विद्युत आपूर्ति, बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त मार्ग और जल भराव सहित विभिन्न प्रकार की शिकायत एवं समस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण करते हुए समाधान करने के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि पशुओं में निःशुल्क कृत्रिम गभार्धान की प्रक्रिया भी चल रही हैं, इसका लाभ उठाएं। जिस पर ठाकुरद्वारा के किसानों ने कृत्रिम गभार्धान करने के लिए तैनात कार्मिकों द्वारा पैसे लेने की शिकायत की। मुख्य विकास अधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि वह सरकार के इस निःशुल्क कार्यक्रम के अंतर्गत अवैध तरीके से पैसे लेने के मामले के प्रति गंभीरता बरतें और सख्त कार्यवाही करें।

मूढ़ा पांडे के किसानों ने बताया कि उनके क्षेत्र में स्थित पशु चिकित्सालय में चिकित्सक व स्टाफ समय पर उपस्थित नहीं हो रहे हैं, जिसको लेकर भी मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभावी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर कृषि, विद्युत, गन्ना, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं किसान गण मौजूद रहे।

# योगी ने संगठन के साथ की बैठक

गाजियाबाद, 18 सितंबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को रोजगार सृजन मेले के बाद भाजपा संगठन के साथ रामभवन में बैठक की। उन्होंने पार्टी नेताओं व कार्यकताओं से कहा कि विधानसभा उपचुनाव की तैयारी में धरातल पर रहकर करें। अति आत्मविश्वास में न रहें। बैठक में योगी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, शहर विधानसभा प्रभारी हरिओम



शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा से शहर विधानसभा में चल रही सभी संगठनात्मक गतिविधियों का बड़ी बारीकी से जायजा लिया और आगे के करणीय बिंदुओं पर संगठन के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया ।

योगी आदित्यनाथ ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अति आत्मविश्वास में होकर चुनावी समर में नहीं उतरना है। सभी कार्यकताओं को धरातल पर रहकर केवल पीएम मोदी के एक सूत्र वाक्य को चुनाव जीतने का प्रमुख आधार बनाना है कि बूथ जीता चुनाव जीता। उन्होंने विपक्ष की युवा जोड़ी को निशाना बनाते हुए कहा यह बबुआ और पपुआ की जोड़ी जनता को बहकाने का ही काम करने की राजनीति करती है। हमें केवल आम जनता को घर-घर जाकर बताना है कि कांग्रेस सरकार ने देश में सबसे लंबे समय के लिए देश में सरकार चलाई है। उत्तर प्रदेश में 4 साल समाजवादी पार्टी का भी शासन रहा है ।

1947 से 2014 तक के अपने इतने लंबे कार्यकाल में कांग्रेस आठ लेन की हाईवे क्यों नहीं बना पाई , मेट्रो रैपिड क्यों नहीं चला पाई, शिक्षा के क्षेत्र में भरोसा पैदा क्यों नहीं कर पाई, मेडिकल कॉलेज की स्थापना क्यों नहीं कर पाई ,भ्रष्टाचार पर लगाम क्यों नहीं लगी, गुंडा माफिया राज सरकार पर हावी क्यों रहा, व्यापारी और बेटी कांग्रेस व सपा शासन में अपने आप को सुरक्षित क्यों नहीं महसूस कर पाए ।

इन सारे सवालों का जवाब 2014 से अब तक मोदी सरकार ने और आपकी प्रदेश सरकार ने अपने सुशासन और विकास से कैसे दे दिया।

उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि बूथ और शक्ति केंद्र की सभी कार्रवाई को धरातल पर रहकर दुरुस्त कर लेना है। कोई भी चुनाव जिले पर नहीं , प्रदेश में नहीं,क्षेत्र में नहीं लड़ा जाता, बूथ पर ही लड़ा जाता है।

संगठन की विशेष बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव राज शर्मा, अशोक गोयल, पूर्व महापौर आशु वर्मा पूर्व महापौर आशा शर्मा, किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, पूर्व अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा, पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा , सरदार एसपी सिंह, हातम सिंह नागर, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी, पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, सुनील यादव, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, सुशील गौतम राजेश त्यागी गोपाल अग्रवाल, रनिता सिंह, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष उदिता त्यागी, प्रताप चौधरी, विरेंद्र सारस्वत, पार्षद राजीव शर्मा, पूनम सिंह, शीतल चौधरी, प्रीति चंद्रा, लवली कौर, प्रदीप गर्ग , अमित प्रताप, प्रतीक माथुर सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकरी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बलिया में गंगा व सरयू नदियों ने मचायी तबाही, बुलाई गई एनडीआरएफ

बलिया, 18 सितंबर (हि.स.)। जिले में गंगा व सरयू नदियों ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। दोनों नदियों में आए जबरदस्त उफान से बाढ़ के कारण जिले में 27 गांवों की लगभग 31 हजार से अधिक आबादी प्रभावित हुई है। बैरिया और मगई सदर तहसील क्षेत्र के कुछ गांवों में अपना रौद्र रूप दिखा रही है।

गंगा की बाढ़ और पानी में घिरे कई गांवों में अभी तक प्रशासन की ओर से नावों की व्यवस्था नहीं हो पाई है। गंगा का पानी बंधे के दक्षिण दिशा में बसे उनके निर्देश पर एडीएम देवेन्द्र प्रताप सिंह व समस्त उप जिलाधिकारी नियमित रूप से भ्रमण कर रहे हैं। डीएम के निर्देश पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है।

सभी नदियों का जलस्तर बढ़ाव पर



तहसील के जयप्रकाश नगर के पास एक पुल का एप्रोच गंगा के पानी में बह गया। कई गांवों में सरकारी प्राइमरी स्कूल बाढ़ से घिर गए हैं। बाढ़ के विकराल रूप को देखते हुए एनडीआरएफ भी बुला ली गई है।

जिले में बाढ़ से हालात लगातार खराब हो रहे हैं। बैरिया थाना क्षेत्र के कोडरहा नौबरार जयप्रकाश नगर पंचायत का टीपुरी गांव में जाने वाले पुल के दोनों साइड का एप्रोच गंगा नदी के बाढ़ में विलीन हो गया। जिससे गांव में आने-जाने का संपर्क टूट गया है। ऐसे में ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया है।

जिले के दो छोर पर बहने वाली बड़ी नदी गंगा व सरयू के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। दोनों नदियों का जलस्तर खतरा बिंदु पार कर गया है। गंगा व घाघरा के अलावा छोटी नदियों के भी जलस्तर बढ़ने लगे हैं। इससे तटवर्ती इलाकों के गांवों में पानी घुस गया है। लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं।

बाढ़ से जिले के 27 गांवों की 31 हजार आबादी प्रभावित होने के अलावा 97.7 हेक्टेयर आबादी व लगभग 197.7 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि प्रभावित हुई है। गंगा नदी बलिया सदर व बैरिया तहसील के उजियार से लेकर मांझीघाट तक गांवों को प्रभावित कर रही है। सरयू बेल्थरारोड, सिकंदरपुर, बांसडीह व बैरिया तहसील के गांवों में तबाही मचा रही है। टोंस नदी रसड़ा व चितबड़ागांव क्षेत्र गांव सदर तहसील के बादिलपुर, भरखोखा, जगछपरा, शुक्ल छपरा, धरमपुर, मझौवा, पोखरा, बघऊंच, मुडाडीह, बैरिया तहसील के चांद दियर, गोपाल नगर, इब्राहिमाबाद नौबरार, सुघर छपरा, दुबेछपरा, गोपालपुर, उदई छपरा, प्रसाद छपरा, आलम राय के टोला, पांडेपुर, वंश गोपाल छपरा आदि गांवों के लोग घरों में दुबकने को विवश हो गए हैं। इन गांवों के लोग अपने बच्चों, माल व मवेशियों को लेकर भी गांव में फंसे हुए हैं।

उधर, जिला प्रशासन का दावा है कि बाढ़ प्रभावितों के आवागमन के लिए 76 नावें लगायी गयी हैं। एडीएम ने बताया कि एनडीआरएफ की एक टीम राहत एवं बचाव कार्य के लिये तैनात की गयी है। जनपद की सभी 61 बाढ़ चौकियां व 72 राहत शिविर क्रियाशील कर दिये गये हैं। वर्तमान में बासंडीह तहसील में सुल्तानपुर में स्थापित किये गये बाढ़ राहत शिविर में 70 लोग रह रहे हैं। जबकि बैरिया तहसील में लार्ड कृष्णा एकेडमी को बाढ़ राहत शिविर के लिए अधिग्रहीत किया गया है।

बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए ताजा भोजन, पानी, बिस्तर व लाईट आदि की व्ययस्था की गयी है। बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों में अब तक 44 सौ राहत सामग्री की किट वितरित की गयी है। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार खुद बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रो में की जा रही व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं।

केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त रिर्पोट के अनुसार बुधवार को बलिया में गंगा नदी का गेज स्थल गायघाट पर जलस्तर 59.63 मीटर था जो खतरा बिन्दु 57.615 मीटर से 2.015 मीटर ऊपर है। गंगा का जलस्तर 2016 के हाई फ्लड लेवल की ओर अग्रसर है। सरयू नदी का जलस्तर तुतीर्पार में 64.72 मीटर था जो खतरा बिन्दु 64.01 मीटर से 0.71 मीटर ऊपर है।

मेडिकल टीमें तैनात

बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों के उपचार के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा नौ मेडिकल टीमें तैनात की गयी हैं, जो प्रभावित व्यक्तियों का उपचार कर रही हैं। पशु पालन विभाग द्वारा पशुओं के टीकाकरण व उपचार की व्यवस्था की गई है।

बाढ़ पीड़ितों के खाते में भेजी गई सहायता राशि

सरयू नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण हुए कटान से नदी में पूर्णतया विलीन हुए टिकुलिया आदि गांवों के 97 पक्का, 12 कच्चा व 12 झोपड़ी पर अब तक कुल एक करोड़ 31 लाख 76 हजार एवं बर्तन, कपड़ा और अन्य घरेलू सामान क्षतिग्रस्त होने पर 65 परिवारों में तीन लाख 25,000- की धनराशि प्रभावित व्यक्तियों के बैंक खाते में भेजी गयी है। सरयू नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण हुए कटान के कारण नदी में विलीन हुई 74.8445 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि के सापेक्ष 612 किसानों को 45 लाख 74 हजार 778 की धनराशि बैंक खाते में भेजी गई है।

# हर युग में की गई है शिक्षा की पूजाझडा. अशोक जान्हवी प्रसाद

कुशीनगर, 18 सितंबर (हि.स.)। कुशीनगर जिले के आउटलाइन कोर्ट कसया के परिसर में बुधवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति व संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण उनके प्रपौत्र व गोरखपुर एम्स के जनरल डायरेक्टर डॉ. अशोक जान्हवी प्रसाद ने किया। इस अवसर पर लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके व्यक्तिव , कृतित्व और देश के उत्थान में उनके दिए गए योगदान को याद किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. जाह्नवी ने कहा कि शिक्षा की पूजा हर काल में की गई है। शिक्षा वह माध्यम है जिससे विद्वान आज भी याद किए जाते है। इसी की देन है कि आज प्रथम राष्ट्रपति के परिवार को लोग याद कर रहे हैं। अधिवक्ता संघ ने डॉ. राजेंद्र की प्रतिमा को स्थापित कर सराहनीय कार्य किया है। उनके आदर्शों पर चलकर अपने समाज और देश के विकास कार्यों में भागीदारी निभाना चाहिए। सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि भाजपा आज भी महापुरुषों के नाम पर वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद करने का कार्य करता है। डॉ. राजेंद्र ने देश के विकास में अहम भूमिका निभाई। ऐसे महापुरुष आजीवन समाज मे याद किए जाएंगे। समाजिक और शिक्षित व्यक्ति ही देश को आगे बढ़ा सकते हैं। विधायक पीएन पाठक, सुरेंद्र कुशवाहा, महापौर गोरखपुर डा.मंगलेश श्रीवास्तव, एसडीएम पारितोष मिश्रा, डा. सीपी गुप्ता,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल,पूर्व चेयरमैन कृष्ण कुमार, पूर्व संघ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र लाल श्रीवास्तव आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गंधर्व मणि त्रिपाठी ने किया। स्वागत एवं आभार ज्ञापन महामंत्री सुरेश यादव व जितेंद्र शर्मा ने किया।

## सनातन वैदिक विज्ञान का विश्व में प्रचार कर भारत बन सकता है जगद्गुरु : शंकराचार्य वासुदेवानंद

प्रयागराज, 18 सितम्बर (हि.स.)। श्रीमज्ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती महाराज ने ब्रह्मलीन स्वामी शान्तानंद सरस्वती महाकक्ष में चातुर्मास अनुष्ठान के समापन समारोह में आह्वान किया कि



भारत राष्ट्र को विश्वगुरू बनाने के लिए भारतीय संत महात्माओं, विद्वानों एवं वैज्ञानिकों को सनातन वैदिक धर्मग्रन्थों में लिखे गये विज्ञान का विश्व में प्रचार करना होगा। तभी भारत जगद्गुरू बन सकता है।

बुधवार को श्रीमज्ज्योतिष्पीठाधीश्वर प्रवक्ता ओंकार नाथ त्रिपाठी ने बताया कि इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के विश्व में कुछ भी नया नहीं है।

सृष्टि, सूर्य, चन्द्रमा, कालगति, वायुयान आदि सहित सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का ज्ञान भारतीय राष्ट्रीय सनातन धर्म द्वारा मानवता को दी गई महत्वपूर्ण भेंट है। वर्तमान पीढ़ी को इसे संभाल कर संरक्षित रखते हुए विश्व में प्रचारित-प्रसारित करना होगा।

प्रयागराज में चतुर्मास अनुष्ठान कर रहे शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती महाराज ने सर्वप्रथम पूज्य भगवान आदि शंकराचार्य मंदिर में प्रभु हनुमान जी, राधा माधव एवं अन्य देवी-देवताओं की पूजा आरती कर प्रसाद वितरित किया। इसके बाद गौ-पूजन कर उन्हें भोग अर्पित कर चातुर्मास की पूर्णता पर सीमोल्लंघन कार्य सम्पन्न किया।

कार्यक्रम में ज्योतिष्पीठ शंकराचार्य संस्कृत विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य पं. शिवार्चन उपाध्याय, दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती, आचार्य विपिन मिश्र, आचार्य अभिषेक, आचार्य मनीष मिश्रा सहित पंजाब, हरियाणा, उत्तराखण्ड, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालु भक्तों ने उक्त अवसर पर शंकराचार्य का आशीर्वाद लिया।

# विश्व के वैज्ञानिकों की सूची में कुलपति प्रो. वंदना सिंह को मिली जगह

जौनपुर, 18 सितंबर (हि.स.)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.वंदना सिंह को इस बार पुनः विश्व के वैज्ञानिकों की सूची में जगह मिली है। स्टैनफोर्ड विज्ञान विभाग के डॉ. सुधीर उपाध्याय भी इस सूची में शामिल हुए हैं।

प्रोफेसर वंदना सिंह ने पॉलीमर एवं बायोपॉलीमर नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में पत्रिका द्वारा सर्वश्रेष्ठ सर्वोच्च वैज्ञानिक पुरस्कार एएमएल मेडल भी मिल चुका है। प्रो. वंदना सिंह को विभिन्न संस्थाओं से कई अनुसंधान परियोजनाएं भी मिली हैं। अभी तक 29



विश्वविद्यालय ने जारी की विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत प्रभावशाली वैज्ञानिकों की सूची 2024 में कुलपति का नाम शामिल किया है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह के साथ ही रज्जू भैय्या संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मिथिलेश यादव और पर्यावरण महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से पॉलिसैकेराइड आधारित नैनो पदार्थ पर संश्लेषण,वर्णन और अनुप्रयोगों में सराहनीय शोध कार्य रहा है। प्रो. सिंह को कई प्रतिष्ठित पुरस्कार और फैलोशिप प्राप्त हुई है।

एडवांस्ड मटेरियल लेटेस्ट विद्यार्थियों का पीएचडी में मार्गदर्शन किया है।

वर्तमान में तीन छात्रों का शोध निर्देशन कर रही हैं। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलपति पद के पहले वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग की अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहीं।

# करंट लगने से युवक की मौत

जौनपुर,18 सितंबर (हि.स.)। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के ओलन्दगंज निवासी सोनू गुप्ता (35) की बीते बुधवार को गणेश पंडाल की लाइट सही करते समय करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

इससे आक्रोशित मृतक के परिजनों ने मंगलवार की रात में विसर्जन को जा रही मूर्ति को ओलंदगंज बाजार में रोक कर समिति के लोगों के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और मूर्ति विसर्जन को जा सकी।

मृतक सोनू गुप्ता ओलंदगंज बाजार का निवासी था। उसकी पत्नी खुशबू ने आरोप लगाया कि परमानसपुर में एक समिति द्वारा गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित की गई थी। बीते बुधवार को समिति के कुछ लोग उसके घर पहुंचे और सोनू को स्टेज सही करने के बहाने ले गये। सोनू अपने घर पर सो रहा था। समिति के लोगों ने जबरदस्ती उसे पंडाल के ऊपर लाइट सही करने को चढ़ा दिया। जबकि उसे लाइट का काम नहीं आता था।

लाइट ठीक करते समय उसे करंट लगा और वह झटके से जमीन पर आ गिरा। आनन-फानन में समिति के लोग उसे जिला अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार की रात जब समिति के लोग मूर्ति का विसर्जन करने के लिए गाजे-बाजे के साथ निकले तो आक्रोशित परिजनों व आसपास के लोगों ने मूर्ति को रोक दिया और प्रदर्शन करने लगे।

सूचना पर पुलिस भी पहुंची। एक घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने विसर्जन रैली में उपयोग किए जा रहे डीजे को बंद करा दिया और मूर्ति को विसर्जित करने को भेजा।

खुशबू ने आरोप लगाया कि पुलिस जबरदस्ती समझौता करने का दबाव डाल रही है। इस संबंध में बुधवार को जानकारी लेने पर शहर कोतवाल मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि परिवार ने डीजे बजाने को लेकर विरोध किया था।

डीजे बंद कराकर मूर्ति को विसर्जित कराया गया। समझौते के दबाव की बात गलत है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल कराई जा रही है।मृतक के चार बच्चे हैं। इसमें बड़ी बेटी काजल (15), दूसरी बेटी संध्या (10), अंशु (9) और एक दो वर्ष का नवजात है।

# सुप्रीम कोर्ट के मनी लॉन्ड्रिंग केस में आदेश के खिलाफ पुनर्विचार याचिका पर अब तीन अक्टूबर को होगी सुनवाई

नई दिल्ली, 18 सितंबर (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने मनी



लॉन्ड्रिंग केस में अपने (सुप्रीम कोर्ट) आदेश के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई टाल दी। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने पुनर्विचार याचिका पर तीन अक्टूबर को सुनवाई करने का आदेश दिया।

आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई टालने की मांग की। मेहता की मांग का याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने विरोध किया। इसके पहले सुनवाई के दौरान सिब्बल ने कहा था कि जुलाई 2022 के आदेश में कई गलतियां हैं जिन पर दोबारा विचार करने की जरूरत है। जस्टिस उज्जवल भूईयां ने कहा था कि कोर्ट ने जिन दो मसलों की पहचान की थी उन पर विचार करने की जरूरत है। जस्टिस सीटी रविकुमार ने कहा था कि कोर्ट को ये सुनिश्चित करना होगा कि पुनर्विचार याचिका अपील का शक्ल न ले ले। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले में कोई गड़बड़ी नहीं है। पुनर्विचार याचिका दायर करनेवालों में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अगस्त 2022 को पुनर्विचार याचिका पर खुली अदालत में सुनवाई करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 27 जुलाई 2022 को अपने फैसले में ईडी की शक्ति और गिरफ्तारी के अधिकार को बहाल रखने का आदेश दिया था। जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत ईडी को मिले विशेषधिकारों को बरकरार रखा था। कोर्ट ने पूछताछ के लिए गवाहों, आरोपितों को समन, संपत्ति जब्त करने, छापा डालने, गिरफ्तार करने और जमानत की सख्त शर्तों को बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में किए गए संशोधन को वित्त विधेयक की तरह पारित करने के खिलाफ मामले पर बड़ी बेंच फैसला करेगी। कोर्ट ने कहा था कि मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 3 का दायरा बड़ा है। कोर्ट ने कहा था कि धारा 5 संवैधानिक रूप से वैध है। कोर्ट ने कहा था कि धारा 19 और 44 को चुनौती देने की दलीलें दमदार नहीं है। कोर्ट ने कहा था कि ईसीआईआर एफआईआर की तरह नहीं है और यह ईडी का आंतरिक दस्तावेज है। एफआईआर दर्ज नहीं होने पर भी संपत्ति को जब्त करने से रोका नहीं जा सकता है। एफआईआर की तरह ईसीआईआर आरोपी को उपलब्ध कराना बाध्यकारी नहीं है। जब आरोपी स्पेशल कोर्ट के समक्ष हो तो वह दस्तावेज की मांग कर सकता है।

# कैबिनेट ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी

नई दिल्ली, 18 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए 79,156 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी प्रदान कर दी।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान पांच वर्षों तक चलेगा। उन्होंने कहा कि बजट भाषण 2024-25 में की गई घोषणा के अनुसार इससे लगभग 63,000 जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों के लिए लक्षित इस कार्यक्रम से 549 जिलों और 2,740 ब्लॉकों के पांच करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभ मिलेगा। यह 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी आदिवासी बहुल गांवों में फैले 549 जिलों और 2,740 ब्लॉकों को कवर करेगा।

प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का लक्ष्य केंद्र सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं के समन्वय और पहुंच के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को समाहित करके और पहुंच बनाकर भरना है तथा पीएम जनमान (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान) की सीख और सफलता के आधार पर आदिवासी क्षेत्रों और समुदायों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित करना है।

अभियान के अंतर्गत शामिल आदिवासी गांवों को पीएम गति शक्ति पोर्टल पर मैप किया जाएगा, जिसमें संबंधित विभाग द्वारा अपनी योजना विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए पहचाने गए अंतराल शामिल होंगे। पीएम गति शक्ति प्लेटफॉर्म पर भौतिक और वित्तीय प्रगति की निगरानी की जाएगी और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# तीन दिवसीय नदी उत्सव कल से शुरू, संस्कृति मंत्री करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली, 18 सितंबर (हि.स.)। पांचवा ह्यनदी उत्सवह्ल इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) और जनपद सम्पदा प्रभाग की ओर से 19 सितंबर से 21 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस उत्सव में विभिन्न विषयों पर पर्यावरणविदों और विद्वानों के साथ विद्वत चर्चा, नदियों की कहानी पर फिल्म स्क्रीनिंग, बच्चों के लिए कार्यशालाएं, पुस्तक मेला, प्रख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां और नाव के निर्माण को लेकर एक अनूठी चित्र प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इस उत्सव का उद्घाटन केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत करेंगे।

बुधवार को प्रेसवार्ता में आईजीएनसीए के जनपद संपदा डिवीजन के प्रमुख प्रोफेसर अनिल कुमार ने बताया कि भारतीय संस्कृति में नदियों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे देश में नदियां न केवल पवित्र और पूज्य मानी जाती हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन का आधार भी हैं। सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे हुआ है। कई नदियां अब लुप्त होने के कगार पर हैं, ऐसे में लोगों में इसके संरक्षण के लिए जागरुकता लाना बेहद जरूरी है। नदी उत्सव लोगों में इसी जिज्ञासा को उत्पन्न करेगा।

इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में उत्तराखंड के अलावा गुरु कस्तुरी पटनायक और उनकी टीम ओडीसी की प्रस्तुति देंगे।




हर्सिल की पूर्व सरपंच बसंत नेगी, परमार्थ निकेतन के प्रमुख एवं आध्यात्मिक गुरु स्वामी चिदानन्द सरस्वती उपस्थित रहेंगे।

ह्यनदी उत्सवह्ल में तीन तरह की प्रदर्शनियां होंगी। कंगसाबती नदी और उसकी संस्कृति पर चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी । इसके अलावा नाव के निर्माण से जुड़ी सभी पहलुओं को दशार्ती एक फोटो प्रदर्शनी और दिल्ली के स्कूल के बच्चों द्वारा नदियों पर बनायी गयी पेंटिंग की प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी। इसके अलावा रोजाना उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। हिमाचली लोक गीतों की खास प्रस्तुति कलाकार विक्रम भंद्रल देंगे। इसके

उल्लेखनीय है कि इस उत्कृष्ट पहल की कल्पना डॉ सच्चिदानंद जोशी ने लोगों के बीच उनकी पारिस्थितिकी और पर्यावरण के बारे में जागरूकता पैदा करने और संवेदनशील बनाने के लिए की थी। ह्यनदी उत्सवह्ल 2018 में शुरू हुआ था , जिसका उद्घाटन कार्यक्रम गोदावरी नदी के तट पर स्थित महाराष्ट्र के नासिक शहर में किया गया था। दूसरा ह्यनदी उत्सवह्ल कृष्णा नदी के तट पर स्थित आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा शहर में और तीसरा ह्यनदी उत्सव ह्ल गंगा नदी के तट पर स्थित बिहार के मुंगेर शहर में आयोजित किया गया था। चौथा ह्यनदी उत्सवह्ल दिल्ली में आयोजित किया गया था।

# एफएलएन थ्री में तृतीय और चतुर्थ बैच के बेसिक शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

बलिया, 18 सितंबर (हि.स.)। जनपद के हनुमानगंज में बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र (बीआरसी) पर बुधवार को एफएलएन थ्री के प्रशिक्षण कार्यक्रम में द्वितीय चक्र के तृतीय और चतुर्थ बैच के प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण की शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी हनुमानगंज आशुतोष तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र का पूजन कर किया।

मौके पर एआरपी तेज बहादुर पांडेय, अशोक कुमार सिंह, रवि यादव, राम प्रकाश सिंह और मुमताज अहमद ने प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष अन्नू सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ हनुमानगंज के ब्लाक अध्यक्ष अजय सिंह, धीरेन्द्र कुमार राय व शर्मिला सिंह आदि अध्यापक प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

# पितृ पक्ष में कौवों को भोजन कराने का महत्व

फरुखाबाद। हिंदू धर्म में पितृपक्ष का काफी महत्व होता है, इस साल पितृपक्ष 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलेगा, पितृ पक्ष में पित्तरों का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है, इसके साथ ही इस दिन कौवों को भी भोजन कराया जाता है, इस दिन कौवों को भोजन कराना काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। पितृपक्ष में पित्तरों का श्राद्ध और तर्पण करना जरूरी माना जाता है, यदि कोई व्यक्ति ऐसा नहीं करता तो उसे पित्तरों का श्राप लगता है, लेकिन शास्त्रों के अनुसार श्राद्ध करने के बाद जितना जरूरी भांजे और ब्राह्मण को भोजन कराना होता है, उतना ही जरूरी कौवों को भोजन कराना होता है, माना जाता है कि कौवे इस समय में हमारे पित्तरों का रूप धारण करके पृथ्वी पर उपस्थित रहते हैं,

इसके पीछे एक पौराणिक कथा जुड़ी है जो कि इस प्रकार है:- इन्द्र के पुत्र जयन्त ने ही सबसे पहले कौवे का रूप धारण किया था, यह कथा त्रेतायुग की है, जब भगवान श्रीराम ने अवतार लिया और जयंत ने कौए का रूप धारण कर माता सीता के पैर में चोंच मारा था, तब भगवान श्रीराम ने तिनके का बाण चलाकर जयंत की आंख फोड़ दी थी, जब उसने अपने किए की माफी मांगी, तब राम ने उसे यह वरदान दिया कि तुम्हें अर्पित किया भोजन पितरों को मिलेगा, तभी से श्राद्ध में कौवों को भोजन कराने की परंपरा चली आ रही है, यही कारण है कि श्राद्ध पक्ष में कौवों को ही पहले भोजन कराया जाता है। इसी कारण कौवों को न तो मारा जाता है और न हीं किसी भी रूप से सताया जाता है, यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसे पित्तरों के श्राप के साथ- साथ अन्य देवी देवताओं के क्रोध का भी सामना करना पड़ता है और उन्हें जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार की कोई सुख और शांति प्राप्ति नहीं होती है। पितर पक्ष के समय पंच बली जरूर निकाले 1. चींटी, 2. गाय, 3.कौआ, 4. कुत्ता, 5. देवादि बलि यह जरूर करनी चाहिए

कौवे से जुड़े शकुन और अपशकुन का रहस्य?

प्राचीन समय के ऋषियों मुनियों ने अपने शोध में बताया था की प्रत्येक जानवर के विचित्र व्यवहार एवं हरकतों का कुछ न कुछ प्रभाव अवश्य होता है. जानवरों के संबंध में अनेको बाते हमारे पुराणों एवं ग्रंथो में भी विस्तार से बतलाई गई है.

हमारे सनातन धर्म में माता के रूप में पूजनीय गाय के संबंध में तो बहुत सी बाते आप लोग जानते है होंगे परन्तु आज हम जानवरों के संबंध में पुराणों से ली गई कुछ ऐसी बातो के बारे में बतायेंगे जो आपने पहले कभी भी किसी से नहीं सुनी होगी. जानवरों से जुड़े रहस्यों के संबंध में पुराणों में बहुत ही विचित्र बाते बतलाई गई जो किसी को आश्चर्य में डाल देंगी.

कौए का रहस्य

कौए के संबंध में पुराणों बहुत ही विचित्र बाते बतलाई गई है मान्यता है की कौआ अतिथि आगमन का सूचक एवं पितरो का आश्रम स्थल माना जाता है.

हमारे धर्म ग्रन्थ की एक कथा के अनुसार इस पक्षी ने देवताओ और राक्षसों के द्वारा समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत का रस चख लिया था. यही कारण है की कौआ की कभी भी स्वाभाविक मृत्यु नहीं होती. यह पक्षी कभी किसी बिमारी अथवा अपने वृद्धा अवस्था के कारण मृत्यु को प्राप्त नहीं होता. इसकी मृत्यु आकस्मिक रूप से होती है.

यह बहुत ही रोचक है की जिस दिन कौए की मृत्यु होती है उस दिन उसका साथी भोजन ग्रहण नहीं करता. ये आपने कभी ख्याल किया हो तो यह बात गौर देने वाली है की कौआ कभी भी अकेले में भोजन ग्रहण नहीं करता यह पक्षी किसी साथी के साथ मिलकर ही भोजन करता है।

कौआ की लम्बाई करीब 20 इंच होता है, तथा यह गहरे काले रंग का पक्षी है. जिनमे नर और मादा दोनों एक समान ही दिखाई देते है. यह बगैर थके मिलो उड़ सकता है. कौए के बारे में पुराण में बतलाया गया है की किसी भविष्य में होने वाली घटनाओं का आभास पूर्व ही हो जाता है.

पितरो का आश्रय स्थल

श्राद्ध पक्ष में कौए का महत्व बहुत ही अधिक माना गया है . इस पक्ष में यदि कोई भी व्यक्ति कौआ को भोजन कराता है तो यह भोजन कौआ के माध्यम से उसके पीतर ग्रहण करते है. शास्त्रों में यह बात स्पष्ट बतलाई गई है की कोई भी क्षमतावान आत्मा कौए के शरीर में विचरण कर सकती है।

भादो महीने के 16 दिन कौआ हर घर की छत का मेहमान बनता है. ये 16 दिन श्राद्ध पक्ष के दिन माने जाते हैं. कौए एवं पीपल को पितृ प्रतीक माना जाता है. इन दिनों कौए को खाना खिलाकर एवं पीपल को पानी पिलाकर पितरों को तृप्त किया जाता है।

कौवे से जुड़े शकुन और अपशकुन

1 . यदि आप शनिदेव को प्रसन्न करना चाहते हो कौआ को भोजन कराना चाहिए।

2 . यदि आपके मुंडेर पर कोई कौआ बोले तो मेहमान अवश्य आते है।

3 . यदि कौआ घर की उत्तर दिशा से बोले तो समझे जल्द ही आप पर लक्ष्मी की कृपा होने वाली है।

4 . पश्चिम दिशा से बोले तो घर में मेहमान आते है।

5 . पूर्व में बोले तो शुभ समाचार आता है।

6 . दक्षिण दिशा से बोले तो बुरा समाचार आता है।

7 . कौवे को भोजन कराने से अनिष्ट व शत्रु का नाश होता है।

# पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए रथ यात्रा 20 सितंबर से

-रथ उप्र व मप्र के जिलों में घूमकर लोगों को राज्य निर्माण के लिए करेगा जागरूक

झांसी, 18 सितंबर (हि.स.)। पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे बुंदेलखंड राज्य निर्माण मोर्चा एवं बुंदेलखंड अधिकार मंच के संयुक्त तत्वावधान में 20 सितंबर से रथयात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। इस रथयात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा किए गए बुंदेलखंड को पृथक राज्य बनाने के वादे को याद दिलाया जायेगा।



बुधवार को स्थानीय होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अध्यक्ष भानू सहाय व रघुराज शर्मा ने जानकारी बताया कि केंद्र में भाजपा सरकार बनने पर प्रधानमंत्री व तत्कालीन सांसद उमा भारती ने तीन साल में बुंदेलखंड राज्य बनाने का वादा किया था। लेकिन तीन साल की जगह दस साल गुजर गए। उन्होंने कहा कि झूठा वादा करने वालों को राम कौ कौल (राम की कसम) खिलवा कर चुनाव हरवाने का कार्य वर्ष 2022 से शुरू किया था। उन्होंने कहा कि गत चुनावों में राम कौ कौल(प्रभु राम की कसम) का अभियान में अच्छा असर देखने को मिला। अभी भी केंद्र सरकार के पास समय है। वह अपना वादा पूरा करते हुए बुंदेलखंड राज्य बनाए। अन्यथा उनका यह अभियान आगे भी चुनाव हराने के लिए लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कसम राम की खाते हैं बुंदेलखंड राज्य बनवाएंगे... एवं बुंदेलखंड तो लेंगे ही लेंगे... आदि उद्घोषों के साथ 20 सितंबर से जिला ललितपुर से रथयात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। 21 सितंबर को यह रथयात्रा झांसी आयेगी और हंसारी पुलिया से शुरू होकर पूरे झांसी में घूम-घूम कर जालौन, चित्रकूट सहित मध्य प्रदेश के कई जिलों में जाएगी। इस रथयात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार और बुंदेलखंड में रहने वाले जनप्रतिनिधियों को जगाया जायेगा कि बुंदेलखंड राज्य बनाने का वादा निभाओ।

# औरैया में बारिश और हवा से गिरा टीन शेड, बुजुर्ग की मौत

औरैया, 18 सितम्बर (हि.स.)। फफूंद थानाक्षेत्र में मंगलवार की देर रात को बारिश और तेज हवा चलने के कारण टीन शेड गिर गया। उसके नीचे सो रहा एक बुजुर्ग दब गए। हादसे में उनकी की मौत हो गई। बुधवार की सुबह घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

फफूंद के अटा निवासी श्रीप्रकाश मिश्रा उर्फ कल्लू (58) देर रात को पड़ोसी गांव से भंडारा खाकर वापस लौट रहे थे। वे अपने पड़ोसी रामनाथ मिश्रा के मकान के टीन शेड के नीचे सो रहे थे।

रात में बारिश और तेज हवाओं के बीच टीन शेड दीवार समेत अचानक गिर गया, जिसके नीचे दबकर श्रीप्रकाश मिश्रा की मौत हो गई।

घटना की जानकारी के बाद परिजनों में रोना-पीटना मच गया।

सूचना पाकर थानाध्यक्ष गंगादास पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से पूछताछ की और आगे की कार्यवाही में जुट गए।

# झोलाछाप चिकित्सक का केपी अस्पताल सील किया गया

मुरादाबाद, 18 सितम्बर (हि.स.)। जिले के थाना मूंढापांडे क्षेत्र के विसारत नगर क्षेत्र में बुधवार को झोलाछाप चिकित्सक आशक अली का केपी अस्पताल सील किया गया। आईजीआरएस पर प्राप्त एक शिकायत के बाद उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नरेंद्र कुमार ने अस्पताल में छापा मारा था। जिसके बाबत बुधवार को सील की कार्यवाही की गयी।

डा. नरेंद्र कुमार ने बताया कि आज विसारत नगर अस्पताल में कार्रवाई के दौरान एक मरीज भर्ती था, जिसको आरोपित अस्पताल संचालक आशक अली चारपाई लिटाकर ड्रिप चढ़ा रहा था।

अस्पताल में कई अंग्रेजी दवाइयां भी मौके पर बरामद हुई। खुद को डॉक्टर बताने वाले अस्पताल संचालक आशक अली की शैक्षिक योग्यता बी-फार्मा निकली। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आगे बताया कि अस्पताल का पंजीकरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में नहीं हैं। आरोपित के विरूद्ध थाना मूंढापांडे में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ में जिलाध्यक्ष सहित 22 पदों पर निर्विरोध चयन

अमेठी 18 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेशीय माध्यमिक शिक्षक संघ के अंतर्गत उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ की जनपद शाखा की साधारण सभा की अंतिम सूची के प्रकाशन के उपरांत जनपदीय कार्य समिति की निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष सहित सभी 22 पदों पर निर्विरोध पदाधिकारियों का चयन हुआ। निर्विरोध चुनाव संपन्न होने के बाद उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने सभी शिक्षकों एवं पदाधिकारी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

जनपदीय कार्य समिति का चुनाव प्रत्येक 3 वर्ष में एक बार किया जाता है। अमेठी मुख्यालय के गौरीगंज स्थित श्रीरणंजय इंटर कॉलेज परिसर में बने सभागार में बुधवार की सुबह 10 बजे से 11 बजे तक नामांकन किया गया। इसके उपरांत 11 बजे से लेकर 11:30 तक नामांकन पत्रों की जांच हुई 11:30 से 12:00 तक नाम वापसी के लिए समय निर्धारित किया गया था। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे वैध नामांकन पत्रों का प्रकाशन हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री, जिला कोषाध्यक्ष , वरिष्ठ उपाध्यक्ष और संयुक्त मंत्री सहित कुल 22 लोग निर्विरोध चुने गए। इस चुनाव को संपन्न सकुशल संपन्न करने के लिए निर्वाचन पर्यवेक्षक के रूप में देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रांतीय संयुक्त महामंत्री और निर्वाचन अधिकारी के रूप में राजेश कुमार शुक्ला, मांडलिक संगठन मंत्री, लखनऊ मंडल मौजूद थे।

# विलंब शुल्क के साथ इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 20 सितम्बर तक बढ़ाई

मुरादाबाद, 18 सितम्बर (हि.स.)। इग्नू अध्ययन केंद्र हिन्दू कालेज मुरादाबाद के समन्वयक प्रो. एके सिंह ने बुधवार को बताया कि सत्र जुलाई 2024 के लिए इग्नू ने स्नातक एवं परास्नातक (वार्षिक) डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले नए प्रवेशार्थियों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 200 रुपये विलम्ब शुल्क के साथ बढ़ा दी है। नए प्रवेश हेतु अब तक अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2024 कर दिया गया है। पहले तिथि 17 सितम्बर अंतिम तिथि थी।

प्रो. एके सिंह ने आगे बताया कि इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि वे अपनी रुचि के किसी कोर्स में प्रवेश चाहते हैं तो उन्हें इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट ६६६.ल्लद्ब४.ूल्ल पद पर जाकर समर्थ पोर्टल के माध्यम से सबसे पहले अपना पंजीकरण कराना होगा। ततपश्चात उन्हें उसी पंजीकरण संख्या के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरना है। इग्नू के समस्त शुल्क ऑनलाइन ही जमा होते हैं। स्नातक के पारंपरिक कोर्स जैसे बीए/बीएससी/बीकॉम में अनुसूचित जाति के अर्ह विद्यार्थियों को नियमानुसार शुल्क से छूट भी मिलती है।

प्रो. एके सिंह ने बताया कि हिन्दू कालेज मुरादाबाद के इग्नू अध्ययन केंद्र पर वर्तमान सत्र से एमए ज्योतिष कोर्स में प्रवेश प्रारम्भ हो गया है। साथ ही बीबीए, बीसीए, बीलिब, बीएसडब्ल्यू, बीए (ऑनर्स), एमए हिंदी, एमए समाजशास्त्र, एमए मनोविज्ञान, एमए इतिहास के अलावा एमबीए, एमसीए, एमएसडब्ल्यू, एमलिब सहित रोजगारपरक कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है।

इसके अलावा इग्नू ने उन विद्यार्थियों के लिए भी अंतिम तिथि 20 सितम्बर तक बढ़ा दी हैं जिन्होंने अभी-अभी अपनी अगली कक्षा हेतु री-रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। ऐसे विद्यार्थियों को भी अवगत कराया जाता है कि बिना री-रजिस्ट्रेशन के वे अगली कक्षा हेतु परीक्षा फार्म नहीं भर पाएंगे। अधिक जानकारी हेतु प्रत्येक रविवार को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक हिन्दू कालेज मुरादाबाद स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र पर मिलें।

# हाथरस में बदमाशों से मठभेड़ में तीन पशु चोर गिरफ्तार, एक गोली लगने से घायल

हाथरस, 18 सितम्बर (हि.स.)। जनपद में हाथरस जंक्शन थाना पुलिस की वाहन चेकिंग के दौरान पशु चोर गिरोह से मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ की कार्रवाई में तीन बदमाशों के पकड़ा गया है। बदमाशों की फायरिंग की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि बीतें कुछ दिनों से हाथरस जंक्शन क्षेत्र में पशु चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी। इन शिकायतों को संज्ञान लेते हुए थाना पुलिस को रोकथाम के निर्देश दिए गए थे।

इसी कड़ी में बीती देर रात मंगलवार थाना हाथरस जंक्शन पुलिस बल चंदनपुर की ओर से आने वाले रास्ते पर वाहनों की चेकिंग कर रहा था।

इस बीच चंदनपुर की ओर से कुछ संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर संदिग्ध लोग पीछे मुड़कर भागने लगे। शक के आधार पर पुलिस टीम ने पीछा कर घेर लिया।

पुलिस घेराबंदी होने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस बीच पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली जा लगी और वह घायल होकर वहीं गिर गया। पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। वहीं उसके दो साथियों को भी पुलिस ने घेर कर दबोच लिया।

एएसपी ने बताया कि गोली लगने से घायल अभियुक्त ने पूछताछ में अपना नाम कलुआ और शरीफ बताया है। उसके कब्जे से एक तमंचा, खोखा व जिन्दा कारतूस मिले हैं।

वहीं गिरफ्तार अन्य साथियों में बादशाह और बांके हैं। बांके के कब्जे से एक तमंचा कारतूस बरामद किए गए हैं। पूछताछ में इनके पशु चोरी करने की घटनाएं भी किए जाने की बात कबूल की गई हैं।

फिलहाल घायल को अस्पताल में भर्ती कराते हुए इनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ब्लाक मुख्यालयों पर निकाली गयी स्वच्छता रैली, जागरूकता गोष्ठी सम्पन्न

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। स्वच्छता पखवारा के तहत सांगीपुर तथा लक्ष्मणपुर विकासखण्ड मुख्यालय पर



अभियान चलाया गया। सांगीपुर विकासखण्ड मुख्यालय पर स्वच्छताकर्मियों के साथ ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व खण्ड विकास अधिकारी विनोद कुमार यादव ने झाडू लगाकर परिसर में स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर प्रभारी एडीओ पंचायत सरिता यादव, सत्यम श्रीवास्तव, सतीश ओझा, विजय यादव, शशांक, अरविन्द सरोज आदि रहे। वहीं लक्ष्मणपुर ब्लाक सभागार में स्वच्छताकर्मियों को लेकर जागरूकता बैठक हुई।

बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है।

उन्होनें ग्रामीण परिवेश में स्वच्छता पर जोर दिया। प्रभारी बीडीओ एस कृष्णा ने स्वच्छताकर्मियों को गांवों में साफ सफाई का सामूहिक संकल्प ग्रहण कराया। इसके बाद ब्लाक मुख्यालय से स्वच्छता रैली को बीडीओ ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली परिसर से अस्पताल होते हुए बाजार तथा इण्टर कालेज गेट से पुनः ब्लाक परिसर पहुंची।

इस मौके पर एडीओ पंचायत सुभाष सिंह, प्रशांत सिंह, शिवमूर्ति दुबे, धर्मेन्द्र पटेल, सूर्यप्रकाश पाण्डेय, पुष्पेन्द्र शुक्ला, अंकित कुमार, सौरभ तिवारी आदि रहे।

# घर से लापता किन्नर का शव कुएं में मिला, किन्नरों ने हत्या का आरोप लगा कर किया जमकर हंगामा

वाराणसी, 18 सितम्बर (हि.स.)। मिजामुराद थाना क्षेत्र के पिलोरी गांव के एक ईट भट्ठा के निकट स्थित कुएं में बुधवार को किन्नर का शव मिला। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया। मृत किन्नर की शिनाख्त होते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसकी जानकारी पाते ही मृत किन्नर के साथी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस चौकी के सामने पांच दिन पहले घर से गायब साथी की हत्या का आरोप लगा किन्नरों ने अर्धनग्न होकर जमकर हंगामा किया। पुलिस अफसरों ने समझाने का प्रयास किया तो किन्नर उग्र होकर नोकझोंक करने लगे। एडीसीपी गोमती जोन ने किसी तरह उन्हें समझा बुझा कर शांत कराया।

बच्छाव रोहनिया निवासी चंदन पटेल ऊर्फ चांदनी (23 ) पुत्र राजबन पटेल शादी ब्याह और अन्य अवसरों पर किन्नरों के साथ नाचने-गाने का काम करता था। बीते 14 सितम्बर को साथी किन्नर शहनाज चंदन को आटो में बैठाकर किसी कार्यक्रम में जाने के नाम पर ले गया। इसके बाद चंदन घर नहीं लौटा। परिजन और अन्य किन्नर उसे ढुढ़ते रहे। दो दिन बीतने पर जब चंदन का कुछ नहीं पता चला तो उसका भाई श्याम सुन्दर अन्य किन्नरों के साथ कछवा (मीरजापुर) थाने पहुंचे। यहां उनकी लिखित शिकायत पर चंदन के गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई। चंदन का भाई और अन्य किन्नर अपने स्तर से भी उसकी खोजबीन करते रहे। इसी बीच आज बुधवार को पिलोरी गांव के एक कुएं में शव मिलने की जानकारी पर श्याम सुंदर मौके पर पहुंचा।

श्याम सुंदर ने अपने भाई के शव की पहचान हाथ पर बने नाम लिखे टैटू से की। श्याम सुंदर ने घटना की जानकारी चंदन के किन्नर साथियों को दी तो वे भी मिजार्मुराद पुलिस चौकी पर पहुंच कर हंगामा करने लगे। किन्नरों ने आरोप लगाया कि शहनाज किन्नर व उसके साथियों ने मिलकर चंदन की हत्या कर शव को कुंए में फेंक दिया।

मिजार्मुराद पुलिस ने कुएं से शव निकलवाने के बाद देर तक छानबीन किया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। थाना प्रभारी अजय राज वर्मा के अनुसार छानबीन चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होगी।

# बहराइच में आतंक का पर्याय बना आदमखोर छठा भेड़िया ड्रोन कैमरे में हुआ कैद

बहराइच, 18 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद में आदमखोर भेड़ियों के आतंक से जल्द पूरी तरह से छुटाकरा मिलने वाला है। यहां पकड़े जा चुके भेड़ियों के दल का अंतिम और बेहद खूंखार भेड़िया ड्रोन कैमरे में कैद हुआ है। ड्रोन में आई भेड़िये की तस्वीरों के आधार पर वन विभाग की टीमों के साथ ग्रामीणों ने योजना बनाकर उसे रेस्क्यू किए जाने के लिए जगह-जगह जाल बिछाया है।

बहराइच जिला बीते दो माह से आदमखोर भेड़ियों के आतंक का पर्याय बना हुआ है। यहां के कई गांवों में जंगलों से आए आदमखोर भेड़ियों के झुंड ने डेरा डाला और इंसानों, मवेशियों पर हमला करने लगा। लगातार हमलों को लेकर ग्रामीणों में भेड़ियों को लेकर दहशत फैल गई। भेड़ियों का आतंक बढ़ता देख शासन स्तर पर टीमों को लेकर आदमखोर भेड़ियों को पकड़ने के लिए वृहद सर्च आपरेशन चलाया गया। अभियान के तहत अब तक पांच आदमखोर भेड़ियों को रेस्क्यू किया जा चुका है लेकिन अभी भी भेड़ियों के झुंड का लंगड़ा मुखिया और बेहद खूंखार छठे भेड़िये को पकड़ा जाना शेष है।

वन विभाग द्वारा लगातार उसको पकड़ने के लिए सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है। इस बीच आदमखोर भेड़िया लगातार कई मासूमों को अपने शिकार के लिए हमला कर चुका है। उसे पकड़ने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल वन विभाग के लिए सही साबित होने वाला है। सर्च आपरेशन में जुटी वन विभाग की टीम को ड्रोन से उसकी गन्ने के खेत और उसके आसपास बार-बार आने-जाने की हरकत मिली है। यह सफलता वन विभाग को उस वक्त मिली जब टीम छठे भेड़िये को पकड़ने के लिए ड्रोन कैमरे से महसी इलाके में सर्च आपरेशन कर रही थी। यह वही इलाका है जहां भेड़ियों का सबसे ज्यादा आतंक रहा है। इस क्षेत्र में ही आदमखोर भेड़ियों ने इंसानों पर हमले किए हैं। महसी इलाके में वन विभाग के ड्रोन कैमरे में कैद हुई छठे भेड़िये की तस्वीरों के बाद उसकी धरपकड़ के लिए आसपास जाल बिछाया गया है। इस बीच जिन-जिन जगहों से आदमखोर भेड़िए बार-बार आ-जा रहा है, वहां पर पिंजरे व जाल लगाए गए हैं ताकि उसे पकड़ा जा सके।




भेड़िये की ड्रोन में आई तस्वीरों के बाद वन विभाग और पुलिस की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। आस-पास के इलाकों में चौकसी बढ़ा दी गई है। वन विभाग की टीम लगातार गन्ने के खेतों में घुस कर कांबिंग कर रही हैं। फुटेज सामने आने के बाद उसके जल्द पकड़े जाने की उम्मीद बढ़ गई है।

डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आखिरी भेड़िया की ड्रोन कैमरे में फुटैज आई हैं। उसके आधार पर उसे पकड़ने के प्रयास तेज करते हुए वन कर्मियों को लगाया गया है। जल्द ही उसे पकड़ते हुए इलाके को भेड़िया मुक्त कर दिया जाएगा।

एक दिन पूर्व सोते हुए बालक पर किया था हमला

उल्लेखनीय एक दिन पूर्व मंगलवार की रात हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरी मोहन निवासी इमरान (11) परिवार के साथ छत पर सोते समय भेड़िये ने हमला किया था। इमरान की आवाज सुनकर पास में लेटी भाभी ननकई ने किसी तरह भेड़िया से उसको छुड़ाया। इसके बाद एकत्रित लोगों के हाका लगाने पर आदमखोर भेड़िया भाग निकला था। घायल बालक को सीएचसी में भर्ती करवाया गया था।

10 सितम्बर को पकड़ा गया था पांचवां भेड़िया

इलाके में आए आदमखोर भेड़ियों के झुंड में पांचवां भेड़िया 10 सितम्बर को पकड़ा गया था। इसके बाद से झुंड का अंतिम लंगड़ा खुंखार भेड़िये को पकड़ा जाना था। लेकिन अभी तक उसे पकड़ने में लगी वन विभाग की टीमें असफल रही हैं। हालांकि ड्रोन में भेड़िये की तस्वीर आने के बाद जल्द पकड़े जाने की उम्मीद बढ़ गई है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शिक्षिकाओं ने लिया शपथ

फि रोजाबाद दाऊ दयाल महिला पीजी कालेज फीरोजाबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा स्वच्छता गांधी जी का स्वच्छता के लिए जो सपना था वह हम सभी को मिलकर पूरा करना होगा हम सभी ने अंग्रेजों के प्रति लड़ाई तो कार्यक्रम में प्रो विनीता यादव, प्रो प्रीती अग्रवाल, प्रो रंजना राजपूत,प्रो प्रेमलता डॉ छाया बाजपेई, डा सरिता रानी, विनीता




ही सेवा अभियान के तहत महाविद्यालय की शिक्षिकाओं ने शपथ ग्रहण किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो‌ रेनू वर्मा ने स्वच्छता के प्रति सभी को सचेत करते हुए कहा कि जीत ली है किंतु स्वच्छता के लिए लड़ाई अभी बाकी है। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम आधिकारी शालिनी मिश्रा तथा डॉ‌ नम्रता निश्चल त्रिपाठी के द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण सिंह,डॉ नूतन राजपाल,डा गरिमा सिंह,डाअर्चना अग्रवाल,सुश्री नीतू सिंह,शिखा यादव,एवं पंकज ,धीरज मिश्रा सहित समस्त महाविद्यालय उपस्थित रहा।

# लड़के के साथ आ रही किशोरी को टीटीई ने बिना टिकट पकड़ा

## युवक और किशोरी को लेकर आरपीएफ और टीटीई आए आमने-सामने
## कंट्रोल रूम को सूचना देने के बाद आरपीएफ ने दोनों को लिया सिपुर्द

शिकोहाबाद। आगरा और शिकोहाबाद के बीच इंटरसिटी ट्रेन में एक किशोरी एक युवक के साथ बिना टिकट यात्रा कर रही थी। इसी बीच चेकिंग आ गई। चेकिंग में टीटीई ने युवक और किशोरी को संदेह मानते हुए उनसे टिकट मांगी। लेकिन युवक टिकट नहीं दिखा सका। इसके बाद टीटीई ने दोनों को पकड़ लिया और आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया।

टीटीई ने किशोरी और युवक से अलग-अलग पूछताछ की। पहले किशोरी टीटीई को गुमराह करती रही, लेकिन बाद में उसने सही बता दिया। जब टीटीई को जानकारी हुई कि किशोरी को युवक बहला फुसला कर उसे कहीं ले जा रहा है। तो उसने आरपीएफ का सहारा लिया।

इसके बाद टीटीई अवनीश कुमार ने मानवता दिखाते हुए किशोरी के स्वजनों को फोन कर उसके बारे में जानकारी दी। किशोरी के स्वजनों ने फोन पर टीटीई को बताया कि वह 28 अगस्त को घर से चली गई थी। जिसकी उन्होंने स्थानीय थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई है। लड़की के आधार कार्ड में उसका पता दिल्ली लिखा है। जबकि युवक ने अपना नाम मुहम्मद सुल्तान निवासी ग्राम फटकाव थाना जोहरीगंज जनपद अमेठी बताया है। युवक अहमदाबाद में सैलून की दुकान पर काम करता है। उसने पूछताछ में बताया कि किशोरी को एक आटो वाला उसके पास लाया था। किशोरी ने काम मांगा था, जिसके बाद उसे सैलून में ही नौकरी पर रख लिया। लेकिन चार दिन पूर्व वह अपने घर उसको लेकर जा रहा था। इस बीच तीन दिन वह अलग-अलग ट्रेन में ही सफर करते रहे। बुधवार को आगरा से शिकोहाबाद के बीच रास्ते में टीटीई ने उन दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान लड़की के पास मिले मोबाइल में उसके फोटो बुरखे में भी हैं।

टीटीई ने दोनों को आरपीएफ के सुपुर्द करने के लिए कहा, लेकिन आरपीएफ में तैनात एक एएसआई ने उन्हें सुपुर्द करने से इंकार कर दिया। इसके बाद आरपीएफ और टीटीई में काफी बहस हुई। इसके बाद दोपहर तीन बजे के बाद आरपीएफ ने दोनों को सिपुर्द ले लिया। इस बीच किशोरी के माता-पिता भी रेलवे स्टेशन पर पहुंच गये हैं।

# पुलिस ने एक अभियुक्त पकड़ा,स्कूल से चोरी किया माल बरामद

ँफिरोजाबाद। थाना खैरगढ पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने स्कूल से चोरी किया सामान बरामद किया है। उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके बारे में पता चला था।

उसका नाम इमरान पुत्र मुनन बताया है। वह मौहल्ला रूकनपुर थाना शिकोहाबाद का अन्य सामान 17000 रुपए में बेच दिए। उसमे से बचे 817 रुपए भी बरामद किए।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया चोर ने हायर सेकेंडरी स्कूल




जेल भेजा है।

प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ,थाना खैरगढ ने पुलिस बल के साथ चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को रहने वाला है।

उसके पास से एक बैटरी , 4 रजिस्टर, अभिलेख व कोपर के तार के बन्डल , अल्टीनेटर का रोटर आदि बरामद किया। उसने श्योमई में चोरी को अंजाम दिया था। उसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

उसके खिलाफ कार्यवाही कर जेल भेजा है।

# प्रोढ महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## पुत्र ने जताई हत्या की आशंका

फिरोजाबाद थाना सिरसागंज क्षेत्र के पेगु रोड पर एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पुत्र ने हत्या की आशंका जताते हुए थाने में सूचना दी है पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है

थाना सिरसागंज अथाई टोला निवासी 56 वर्षीय विमला देवी पत्नी रामवीर कुछ दिनों से वह पेगू रोड निवासी अपनी पुत्री के यहां रह रही थी विमला देवी ने अपना खेत पुत्री के नाम कर दिया बताया जाता है

की विमला देवी कैंसर रोग से पीड़ित थी जिसकी वजह से उनकी मृत्यु हो गई मृत्यु की जानकारी होने पर उनका पुत्र प्रबल प्रताप अपनी बहन के घर पहुंचा और उसने हत्या की आशंका जताते हुए थाने में सूचना दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल आई है जहां शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है

थाना प्रभारी का इस संबंध में कहना है कि मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

# बरसात ने किया जनजीवन अस्त व्यस्त, किसानों को हुई फसलौं की चिंता

जसराना। मंगलवार की देर रात शुरू बरसात बुधवार की सायं तक जारी रही। बरसात के नहीं थमने से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया। जहां बाजारों में पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा वहीं किसानों को भी फसलों की चिंता सता रही है। खेतों में पानी भरने से बाजरा, धान एवं लहसुन की फसल के खराब होने की संभावना किसानों ने व्यक्त की।

झमाझम और तेज बरसात के चलते जनजीवन पर व्यापक असर पडा है। सबसे ज्यादा परेशानी पशुपालकों को हुई। पशुओं को बांधने के स्थान पर पानी भरने दलदल हो गया है। वहीं कच्चे रास्तों पर पानी भरने से आवागमन अवरुद्ध है। बरसात का पानी खेतों में भर गया है। खेतों में पानी भरने से किसानों को चिंता सताने लगी है।

किसानों ने कहा कि धान एवं बाजरा के साथ लहसुन की फसल को नुकसान होगा। वहीं फिरोजाबाद नगर में पानी ने लोगों का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया नगर का शायद ही कोई मोहल्ला ऐसा हो जहां पानी ना भरा हुआ हो लोग घरों में कैद होकर रह गए यदि समय रहते नालों की सफाई हो गई होती तो आज यह समस्या खड़ी नहीं होती

# महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने पर जोर

शिकोहाबाद। पालीवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ एमपी सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अतः सभी वॉलिंटियर्स इसमें अधिक संख्या में प्रतिभाग करें। कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय डॉ टीएच नकवी ने संचालन किया। इस दौरान महाविद्यालय की अनेक शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी एवं वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से शालू अग्रवाल,नवीन पालीवाल,डॉ अजय सिंह,डॉ सुशील कुमार,एनसीसी अधिकारी डॉ आर बी पांडे,डॉ राजीव अग्रवाल,डॉ पवन कुमार भारद्वाज,अनुराग पालीवाल,प्रवेंद्र मुद्गल,सुरेंद्र सिंह,रामसिंह,समीर पालीवाल,दीप्ति,आकाश,अभिषेक एवं गंधर्व आदि उपस्थित रहे।

# चोरों ने प्राथमिक स्कूल में दिया चोरी को अंजाम

ँफिरोजाबाद। थाना टूंडला क्षेत्र में चोरों ने एक स्कूल से सामान चोरी कर लिया। प्रधानाचार्य ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चोरों ने मंगलवार की रात प्राथमिक विद्यालय जाजपुर में बोल बोल दिया। कर वहां से सामान्य खाने-पीने की सामग्री चोरी कर ले गए।

शिक्षा मित्र तथा रसोईया बुधवार को स्कूल पहुंचे तो उन्हें चोरी के बारे में पता चला। उन्होंने चोरी के बारे में प्रधानाचार्य बृजराज सिंह को बताया।

चोरी का पता चलते ही प्रधानाचार्य कॉलेज पहुंचे। उन्होंने थाने पहुंचकर चोरी का मुकदमा अज्ञात चोर के खिलाफ दर्ज कराया।

उन्होंने बताया चोर स्कूल से दो फ्रिज दो कंप्यूटर दो प्रोजेक्टर इनवर्टर बैट्री तथा खाद्य सामग्री चोरी करने गए हैं। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद चोर के बारे में जानकारी करने का प्रयास कर रही है।

# बरसात के चलते गिरा कच्चा मकान

जसराना। मंगलवार की देर सायं शुरू हुई बरसात बुधवार की सायं तक जारी रही। बरसात के चलते कई जगह दीवारों के गिरने की सूचनाएं तहसील प्रशासन को मिली। वहीं कटौरा में एक कच्चा मकान गिर गया। गनीमत रही कि उस दौरान आसपास कोई नहीं था। पीडित ने बताया कि उसमें घरेलू सामन दबकर खराब हो गया।

कटौरा निवासी रविप्रकाश का गांव में कच्चा मकान है। मकान में जरुरत का सामान रखा हुआ था। बुधवार को रवीप्रकाश कार्य से जसराना आए हुए थे। इसी दौरान दोपहर में उनका मकान गिर गया। ग्रामीणों ने उनको मकान के गिरने की सूचना दी। रवीप्रकाश ने बताया मकान गिरने के साथ सामान भी दब गया है।

# विद्युत करंट लगने से युवक झुलसा

फिरोजाबाद थाना रसूलपुर क्षेत्र के मोहल्ला टूटी पुलिया में एक युवक विद्युत करंट लगने से झुलस गया परिजन उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए हैं

टूटी पुलिया निवासी 18 वर्षीय अंशुल पुत्र धनीराम बुधवार की प्रातः घर पर कोई बिजली का काम कर रहा था तभी अचानक उसे जोरदार करंट लग गया जिसके फल स्वरुप वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया परिजनों में हड़कंप मच गया परिजन उसे आनंन फानंन मेंउपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए जहां उसका उपचार जा रही है

# आमने-सामने बाइक में भिड़न्त, एक रेफर

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। आमने सामने बाइक की टक्कर में बाइक सवार चुटहिल हो गये। लीलापुर थाना के अन्तर्गत नेशनल हाइवे के प्रतापगढ़ लालगंज मार्ग पर तिना के बूढ़ेश्वर मंदिर के समीप बुधवार की सुबह दस बजे दो बाइकों में सीधी टक्कर हो गयी।

सांगीपुर थाना के बूबूपुर निवासी हरीलाल वर्मा का पुत्र सुनील 40 अपनी बेटी श्रेया 10 का सगरा सुंदरपुर में इलाज कराने बाइक से जा रहा था। तिना मोड के पास उसकी बहन का घर है। बहन से मिलने के लिए जैसे ही वह मुड़ा उदयपुर के खानीपुर निवासी गिरधारी सिंह 42 अपनी बेटी महिमा 10 व भतीजी बारह का सगरा सुंदरपुर डाक घर से आधार कार्ड बनवा कर लौट रहे थे। दोनों बाइको मे टक्कर हो गयी।

पुलिस ने ग्रामीणो के सहयोग से घायलो को लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां सुनील वर्मा को प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज आगरा में हुआ विद्यार्थी विज्ञान मंथन के ब्रॉशर का विमोचन

फिरोजाबादः- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक संस्थान और राष्ट्रीय परिषद के तत्वाधान में आयोजित होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन के रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुके हैं, जिसकी अंतिम तिथि 25 बताया कि इस परीक्षा के पहले स्तर की परीक्षा दिनाँक 23 अक्टूबर 2024 और 27 अक्टूबर 2024 है एवं परीक्षा का तरीका ऑनलाइन है। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक 90 मिनट का होगा। छात्र केवल एक बार ही लॉग इन कर सकेंगे। इसके लिए पहचाना जाएगा। शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर में प्रत्येक कक्षा से शीर्ष दो छात्रों यानी प्रत्येक राज्य से कुल 12 छात्रों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। छात्र अधिक जानकारी ँ३३स्त्र२://५५.ङ्ग१.ल्ल/र्१२३ी१




सितम्बर है। जिसमें नामांकन में वृद्धि हेतु विद्यार्थी विज्ञान मंथन,वीवीएम के राज्य मीडिया समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने आगरा के नामचीन विद्यालय एम डी जैन इंटर कॉलेज, हरीपर्वत आगरा में जिला विज्ञान क्लब, आगरा के जिला समन्वयक डॉ निखिल जैन एवं अन्य अतिथियों के साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन के ब्रॉशर का विमोचन किया। उन्होंने ब्रज प्रान्त के सभी जिला समन्वयक से विद्यार्थी विज्ञान मंथन के नामांकन में वृद्धि के लिए आह्वान किया है। उन्होंने परिणाम की घोषणा 15 नवंबर, 2024 को होगी। राज्य स्तरीय परीक्षा 08, 15 और 22 दिसंबर, 2024 में से किसी एक दिन होगी एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा 17 और 18 मई, 2025 को प्रस्तावित है। इस परीक्षा का शुल्क व्यक्तिगत रूप से या स्कूल के माध्यम से पंजीकरण कराने वाले छात्रों को दो सौ रुपये का शुल्क देना होगा। राज्य स्तरीय शिविर में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 20 रैंकर्स को एक या दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के पर कर सकते हैं। उन्होंने ब्रज प्रान्त के सभी जनपदों के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यगणों से अपील की है कि अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराकर विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करें।

इस अवसर पर आगरा कॉलेज आगरा के प्रोफेसर डॉ के पी तिवारी, राजकीय हाई स्कूल नियामतपुर के प्रधानाचार्य डॉ संजीव यादव, राजकीय हाई स्कूल विद्यालय आगरा की शिक्षिका डॉ प्रिया शर्मा, नेहा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# लगातार 12 घंटे सो हो रही बारिश चारों तरफ पानी ही पानी

## कच्चे के साथ पक्के मकान भी टपकने लगे, घरों और प्रतिष्ठानों में भरा पानी
## पूरे दिन लोग घरों से बाहर नहीं निकल सके, जरूरी काम भी अटक गये

शिकोहाबाद। बुधवार सुबह चार बजे से शुरू हुई बारिश दोपहर चार बजे जाकर रुकी। कभी तेज तो कभी रिमझिम होती रही बारिश। जिसके चलते लोग सुबह से ही घरों में कैद हो गये। जरूरी काम के लिए भी लोग घरों से नहीं निकल पड़े। गलियों और सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ था। कई निचले इलाकों में घरों और प्रतिष्ठानों में पानी भर गया। कोतवाली में भी काफी पानी भर गया।

नगर में बुधवार अल सुबह चार बजे से हुई तेज और धीमी बारिश के चलते पूरा नगर पानी-पानी हो गया। इक दिन में इतनी बारिश कभी नहीं हुई, जितनी बुधवार को देखने को मिली। आलम यह था कि सुबह से दोपहर तक हर गली मोहल्ले में पानी भरा हुआ था. जिससे लोगों को घरों से वाहर निकलने में भी मुश्किल का सामना करना पड़ा। जरूरी काम पर भी लोग नहीं निकल सके। स्कूलों में रेनीडे हो गया। जिसकी बजह से बच्चे भी पूरे दिन घरों में ही कैद रहे। पानी के साथ ही बिजली गुल हो गई। सुबह 11 बजे के बाद से बिजली नहीं आई, जिससे लोगों को अंधेरे में घरों में बैठने को मजबूर होना पड़ा। बिजली होती है तो बच्चे टीवी और नाटक देख कर अपना समय काट लेते, लेकिन बिजली के अभाव में बच्चे भी रोते, बिलखते रहे।

बारिश से किसानों की आफत आ गई है। इस बारिश ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। मिर्च और बाजरा के साथ सब्जी की फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। बारिश के चलते अब सब्जियों के दाम भी बढ़ जायेंगे। जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय जनता काफी परेशान होगी।

आदर्श नगर में कई घरों में पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। लोगों ने पालिका प्रशासन से इस समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से विवाहिता की मौत

## पिता ने लगाया हत्या का आरोप

फिरोजाबाद थाना जसराना क्षेत्र के गांव आबू में मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगे थे एक विवाहिता की मौत हो गई सूचना पर आए मृतका के पिता ने हत्या का आरोप लगाया है पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

आबू निवासी 22 वर्षीय सोनम पत्नी अजय कि मंगलवार की रात फांसी लगने से मौत हो गई सूचना पर आए मृतका के पिता जनपद फरुर्खाबाद क्षेत्र के थाना मोहम्मदाबाद के गांव रेसेपुर निवासी प्रभाकर कुमार पुत्र नेकराम अपने परिवार सहित पुत्री सोनम के घर आए और उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है मृतका के पिता ने बताया उन्होंने सोनम की शादी फरवरी 22 में आबू निवासी अजय के साथ की थी तभी से यह लोग सोनम को परेशान करते थे इसी दौरान सोनम ने पुत्र को भी जन्म दिया परंतु उनकी परेशान करने की आदत बंद नहीं हुई और उन्होंने सोनम की हत्या कर शव फांसी पर लटका दिया

# शौचालय बनवाये जाने की मांग

शिकोहाबाद। नगर के पथवारी मंदिर वाले रोड पर कोई सार्वजनिक शौचालय ना होने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास कर बाजार में आने-जाने वाली महिलाओं को लघु शंका के लिए बहुत ही दिक्कत होती है। समाजसेवी एवं योगाचार्य डॉ. पीएस राना के साथ ही स्थानीय दुकानदारों ने मांग की है कि महिलाओं और पुरुषों के लिए एक शौचालय बनवा दिया जाए, जिससे लोगों को लघुशंका के लिए इधर-उधर खड़े होकर नहीं करना पड़े। इससे राह निकलने वाली माता, बहिनों को भी शर्मसार होना पड़ता है।

इस लिए नगर पालिका प्रशासन चाहे तो पथवारी मंदिर के समीप बने दूसरे मंदिर में काफी जगह है, जहां शौचालय बनवा कर लोगों को राहत पहुंचाई जा सकती है।

## वृद्ध शव पडा मिलने से मचा हड़कंप

फिरोजाबाद थाना उत्तर के कोटला चुंगी स्थित एक होटल के पास अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

कोटला चुंगी स्थित स्थित मांमा होटल के समीप बुधवार की प्रातः लोगों ने एक वृद्ध का शव लोगो पडा देखा मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी पहचान करने का प्रयास किया परंतु पहचान नहीं हो सकी पुलिस अज्ञात के रूप में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

जहां शव को बिछेदन ग्रह में रखवा दिया है

पुलिस के अनुसार मृतक की आयु लगभग 65 वर्ष बताई गई है

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रशान्त वशिष्ठ के लिये पुष्प प्रिंटर्स, बौधाश्रम फिरोजाबाद से छपकर कार्यालय दैनिक सच क्या है बौधाश्रम फिरोजाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक- छीतरिया शर्मा
फोन नं. 05612297399. 9411927251, 9259041013, 9997830502
E-mail fzd@suchkyahai.com
suchkyahai@gmail.com
suchkyahai87@gmail.com